Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 101 | बुधवार, 15 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## एशिया का सबसे लंबा वन्यजीव गलियारे, पीएम मोदी ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे देश को किया समर्पित

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार 14 अप्रैल को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के महत्वपूर्ण दौरे के दौरान देहरादून में एक भव्य समारोह में दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए इसे विकास के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि बताया।

इस ऐतिहासिक मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उनके साथ उपस्थित रहे।

### शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के साथ विकास की इस यात्रा में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है।

मुझे याद है बाबा केदार के दर्शन के बाद मैंने कहा था कि इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। आज यह सच साबित हो रहा है। डबल इंजन सरकार की नीतियों और यहां के लोगों के परिश्रम से यह युवा राज्य विकास के नए आयाम छू रहा है।'

### प्रोजेक्ट की खासियत

करीब 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार यह 213 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर आधुनिक इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता एशिया का सबसे लंबा 12 किलोमीटर का एलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर और डाट काली मंदिर के पास बनी 340 मीटर लंबी सुरंग है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से दिल्ली और देहरादून के बीच की दूरी महज 2.5 घंटे में पूरी की जा सकेगी, जिससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियां भी तेज होंगी।

### रोड शो के बाद की डाट काली मंदिर में पूजा

उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री सुबह करीब 11:15 बजे उत्तर प्रदेश के सहारनपुर पहुंचे, जहां उन्होंने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के ऊंचे खंड पर बने वाइल्डलाइफ कॉरिडोर की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एक भव्य रोड शो भी किया, जहां उमड़े जनसैलाब ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद पीएम देहरादून स्थित डाट काली मंदिर पहुंचे और वहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

### देहरादून में उत्सव जैसा माहौल

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पूरे देहरादून शहर में जबरदस्त उत्साह देखा गया। शहर के मुख्य चौराहों और रास्तों को प्रधानमंत्री मोदी, नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बड़े-बड़े पोस्टरों व झंडों से सजाया गया था।

## पश्चिम बंगाल में अमित शाह का गोरखा कार्ड, बोले-बंगाल का विभाजन नहीं, संवैधानिक समाधान होगा

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**बंगाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल का विभाजन किए बिना संवैधानिक तरीके से दार्जिलिंग पहाड़ियों में निवास करने वाले गोरखा समुदाय के मुद्दे का समाधान करेगी। अमित शाह ने उत्तरी बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के गंगारामपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के 'एजेंट' हैं और वह उनकी सहमति से बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मुर्शिदाबाद में मस्जिद का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'भाजपा मस्जिद के निर्माण की अनुमति नहीं देगी।' शाह ने वादा किया कि पश्चिम बंगाल से अन्य राज्यों को आलू की आपूर्ति करने की अनुमति दी जाएगी ताकि यहां के किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा, 'भाजपा सरकार बनने पर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा, सिंडिकेट राज का खात्मा किया जाएगा और घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा।'

## ड्रग ओवरडोज से 2 एमबीए छात्रों की मौत, इवेंट मैनेजमेंट समेत 6 गिरफ्तार

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**मुंबई।** मुंबई के गोरेगांव स्थित एनईएसको सेंटर में देर रात हुए एक संगीत कार्यक्रम में कथित तौर पर हुई दुर्घटना के बाद मुंबई पुलिस ने गहन जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना में दो छात्रों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतकों की पहचान 24 वर्षीय महिला और 28 वर्षीय पुरुष के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर मुंबई के एक प्रतिष्ठित एमबीए कॉलेज के छात्र थे। 25 वर्षीय महिला की हालत गंभीर है और पास के अस्पताल के आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। माना जा रहा है कि यह घटना 11 अप्रैल को कॉलेज के छात्रों के एक बड़े समूह द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान हुई। प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि कुछ लोगों ने नशीले पदार्थों का सेवन किया होगा, संभवतः एमडीएमए, हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इसमें शामिल सटीक पदार्थ की पुष्टि फोरेंसिक विश्लेषण के बाद ही की जाएगी।

लगभग आधी रात को कई लोगों को सांस लेने में गंभीर कठिनाई होने लगी। आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया और प्रभावित लोगों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। दोनों महिलाओं को ट्रॉमा केयर सुविधा में भर्ती कराया गया, जबकि पुरुष पीड़ित को लाइफलाइन अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कार्यक्रम में शामिल हुए कई छात्रों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें शुरूआती बयानों से कार्यक्रम स्थल पर नशीली दवाओं से संबंधित गतिविधियों की आशंका जताई गई है। जांचकर्ता पार्टी के उस वीडियो की भी जांच कर रहे हैं जो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।

### एफआईआर के बाद छह गिरफ्तार

मुंबई के वनराई पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर घटना के संबंध में गिरफ्तारियां की गई हैं। कम से कम छह लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें दो कॉलेज छात्र और कई इवेंट मैनेजमेंट कर्मी शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में विहान उर्फ आकाश सामल (31), नेस्को इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े सनी विनोद जैन और कार्यक्रम स्थल पर आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े बालकृष्णन बलराम शामिल हैं।

सभी आरोपियों को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि संदिग्ध नशीले पदार्थों की आपूर्ति किसने की और किन परिस्थितियों में इनका सेवन किया गया। जांच जारी है और पुलिस मृतकों के कारणों का पता लगाने के लिए घटनाक्रम को समझने का प्रयास कर रही है।

## राजधानी दिल्ली के वसंत एन्क्लेव में गुंडाराज, सेना ब्रिगेडियर को टोकना पड़ा भारी, 2 गिरफ्तार



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** 53 वर्षीय सेना ब्रिगेडियर और उनके बेटे पर कथित हमले के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि सेना अधिकारी और उनके बेटे ने दिल्ली के वसंत एन्क्लेव स्थित अपने आवास के बाहर सार्वजनिक रूप से शराब पीने वाले इन लोगों पर आपत्ति जताई थी। दक्षिण-पश्चिम पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने एक बयान में कहा कि 49 वर्षीय सतेंद्र और 56 वर्षीय संजय शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिस मर्सिडीज गाड़ी में दोनों कथित तौर पर शराब पी रहे थे, उसे जब्त कर लिया गया है। बयान के अनुसार, सतेंद्र चौधरी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड में निदेशक हैं, जो चार्टर्ड और कार्गो संचालन सहित उड़ान सेवाएं प्रदान करती है और विमानों और उनके पुर्जों की खरीद-बिक्री में भी शामिल है। वहीं, शर्मा मेहरम नगर में पंडित जी ढाबा चलाते हैं। ब्रिगेडियर परमिंदर सिंह अरोरा और उनके 23 वर्षीय बेटे तेजस अरोरा ने बताया कि उन पर एक पुलिस अधिकारी की मौजूदगी में हमला किया गया था और वसंत विहार पुलिस स्टेशन में उनकी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई नहीं की गई। अरोरा ने बताया कि रात करीब 10 बजे, वह और उनका बेटा टहलने निकले थे और उन्होंने अपने घर के बाहर खड़ी मर्सिडीज-बेंज कार में दो आदमियों को शराब पीते देखा। उन्होंने कहा कि हम जानते थे कि वे हमारे मोहल्ले के नहीं हैं, इसलिए मैंने उनसे सार्वजनिक स्थान पर शराब न पीने का अनुरोध किया। आरोप है कि उन आदमियों ने मना कर दिया। इसके बाद अरोरा ने पुलिस से संपर्क किया और एक कनिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारी ने शिकायत सुनी लेकिन कहा कि कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। कुछ देर बाद, कथित तौर पर करीब सात से आठ लोग मौके पर पहुंचे और उनके बेटे पर हमला करने लगे, साथ ही उसे धक्का भी देने लगे। अरोरा ने कहा कि पुलिसकर्मी बस वहीं खड़ा रहा और कुछ नहीं किया।

## मोदी सरकार का बड़ा फैसला, लोकसभा में अब होंगी 850 सीटें, सांसदों को दिए गए नए बिलों के मसौदे

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोकसभा का व्यापक विस्तार प्रस्तावित किया है, जिसके तहत सीटों की कुल संख्या 543 से बढ़ाकर 850 की जाएगी। सरकार ने सांसदों को विधेयक का मसौदा भी भेजा है। प्रस्ताव के अनुसार, 850 सीटों में से 815 सीटें राज्यों के लिए आरक्षित होंगी, जबकि 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए आरक्षित होंगी।

संविधान में संशोधन की संभावित प्रक्रिया से पहले सरकार ने सांसदों के साथ विधेयक का मसौदा साझा किया है। इस कदम से संसदीय प्रतिनिधित्व में महत्वपूर्ण बदलाव आने की उम्मीद है, जो 2029 के आम चुनावों से प्रभावी होंगे।

संसद का बजट सत्र बढ़ा दिया गया है और इस दौरान तीन दिन का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में संसद की संख्या बढ़ाने से संबंधित प्रस्तावित संवैधानिक संशोधनों पर चर्चा और उन्हें पारित करने की संभावना है।

संविधान लागू होने के बाद लोकसभा में 850 सदस्य हो जाएंगे, जो इसकी वर्तमान संख्या 543 से काफी अधिक है।

### विपक्ष ने चिंता जताई

विपक्ष सरकार के परिसीमन प्रयासों, विशेष रूप से 2011 की जनगणना के आंकड़ों के उपयोग को चुनौती देने की तैयारी में है। आम आदमी पार्टी (AAP), आरजेडी और डीएमके सहित कई दलों का तर्क है कि परिसीमन 2021 की जनगणना के अद्यतन आंकड़ों पर आधारित होना चाहिए।

सूत्रों के अनुसार, कई इंडिया ब्लॉक दल पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए 'कोटा के भीतर कोटा' की लंबे समय से चली आ रही मांग पर स्पष्टीकरण भी मांग सकते हैं।

आप सहित विपक्षी नेताओं और सहयोगियों की एक रणनीति बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे के दिल्ली स्थित आवास पर निर्धारित है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में सत्ता में काबिज टीएमसी और डीएमके के नेताओं के भी बैठक में शामिल होने की संभावना है। तृणमूल से कांग्रेस सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने सरकार के इरादे पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रस्तावित संशोधन महिलाओं के आरक्षण को लागू करने के बजाय परिसीमन पर अधिक केंद्रित हैं। उन्होंने पूछा, संवैधानिक संशोधन विधेयकों पर 16 अप्रैल को चर्चा होनी है। विधेयक की प्रति कहां है?'

उन्होंने राज्य चुनावों से कुछ सप्ताह पहले बुलाए गए सत्र के समय पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा को संवैधानिक संशोधनों को पारित करने के लिए विपक्ष के समर्थन की आवश्यकता होगी, जिसके लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत आवश्यक है।

विपक्षी दल अपनी मांगों को आगे बढ़ाने और सरकार से अधिक स्पष्टता प्राप्त करने के लिए इसी आवश्यकता पर भरोसा कर रहा है।

## उदयपुर में तीन दिवसीय साहित्यिक अनुष्ठान का भव्य आयोजन, काव्यांजलि से गूंजा विद्यापीठ परिसर



डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया )।** झीलों की नगरी उदयपुर में प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था 'अहं ब्रह्मास्मिप्त नव उद्घोष फाउंडेशन' के तत्वावधान में तीन दिवसीय साहित्यिक अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैचारिक चर्चा, मैत्री सम्मिलन, काव्यांजलि तथा उदयपुर के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण प्रमुख आकर्षण रहे। हिंदी भाषा, साहित्य एवं सनातन संस्कृति के संवर्धन हेतु समर्पित इस आयोजन का आयोजन अहं ब्रह्मास्मिप्त नव उद्घोष फाउंडेशन, गुरुग्राम एवं जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में विद्यापीठ के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की संकल्पना एवं संयोजन संस्था की संस्थापिका अध्यक्ष दीपशिखा श्रीवास्तव 'दीप' तथा निदेशक एवं कोषाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक राजपाल यादव, महासचिव रेणु मिश्रा रतन एवं अंजलि श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। वहीं, सह-आचार्य एवं सुप्रसिद्ध लघुकथाकार चंद्रेश कुमार छतलानी, वरिष्ठ लघुकथाकार नीरज जैन तथा अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कवयित्री शकुंतला सरूपरिया का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन कवयित्री शकुंतला सरूपरिया के निवास पर साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें गुरुग्राम से आए बीस साहित्यकारों एवं उदयपुर के स्थानीय साहित्यकारों ने भाग लेते हुए वैचारिक विमर्श और काव्य पाठ से वातावरण को साहित्यिक रस से सराबोर किया। दूसरे दिन विद्यापीठ के ऑडिटोरियम में भव्य काव्य समारोह काव्यांजलि का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपशिखा श्रीवास्तव 'दीप' ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जोगणियां माता ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शकुंतला सरूपरिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नीरज जैन, निशांत मिश्रा एवं राष्ट्रीय कवि दिनेश सिंदल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अंजलि श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन राजपाल यादव ने किया तथा तकनीकी सहयोग द्विज श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किया गया।

## बिहार के नए सीएम का ऐलानः पाटलिपुत्र को मिला नया 'सम्राट', 75 साल बाद राज्य में बीजेपी का सीएम

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**बिहार।** बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर आज बड़ा दिन है। नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार प्रदेश में पहली बार बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए रास्ता बनाने बना दिया। इसी के साथ बीजेपी ने नए मुख्यमंत्री का चेहरा तय कर लिया है। सम्राट चौधरी भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए।

### भाजपा विधायक दल की बैठक

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य पार्टी नेता भाजपा विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। बिहार के मुख्यमंत्री पद से नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद बिहार भाजपा अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करने जा रही है।



### मेरे मार्गदर्शन में चलेगी नई सरकारः नीतीश कुमार

नीतीश कुमार ने एक्स पर एक पोस्ट में नीतीश कुमार ने कहा आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार एन०डी०ए० सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के काम में लगे हुए हैं।

सरकार ने शुरू से ही सभी तबकों का विकास किया है चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, अपर कास्ट हो, पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, दलित हो, महादलित हो- सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में काम हुआ है चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो, कृषि हो। महिलाओं एवं युवाओं के लिए भी बहुत काम किया गया है।

इन दिनों काम को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पाँच वर्षों यानि 2025 से 2030 के लिए 7 निश्चय-3 का गठन किया गया है। इससे और ज्यादा काम होगा जिससे बिहार काफी आगे बढ़ेगा।

बिहार के विकास में केन्द्र का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का नमन करते हैं। बिहार और तेजी से विकसित होगा और देश के टॉप राज्यों में शामिल हो जाएगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। हमने बिहार के लोगों के लिए बहुत काम किया है।

इतने दिनों से हमने लगातार लोगों की सेवा की है। हमने तय किया था कि अब मुख्यमंत्री का पद छोड़ देंगे और इसलिए आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद माननीय राज्यपाल से मिलकर उन्हें इस्तीफा सौंप दिया।

अब नई सरकार यहाँ का काम देखेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा। आगे भी बहुत अच्छा काम होगा तथा बिहार बहुत आगे बढ़ेगा। सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ तथा शुभकामनाएं देता हूँ।

## संपादक की कलम से

# आय

म

ब्रिजिंग मेडिसिन डिवीड्स

आधुनिक चिकित्सा एक असाधारण चौराहे पर खड़ी है। एक ओर, जैव प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सटीक देखभाल में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। दूसरी ओर, शहरी और ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल, अमीर और गरीब मरीजों, पारंपरिक और आधुनिक प्रथाओं के बीच तथा यहां तक कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रणालियों के बीच भी गहरी विभाजन बनी हुई है। इन विभाजनों को पाटना हमारे समय की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है। स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में एक बड़ा अंतर मौजूद है। जबकि महानगरीय शहरों में उन्नत अस्पताल और विशेषज्ञ होते हैं, ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्र अक्सर बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं से जूझते रहते हैं। यह असंतुलन असमान स्वास्थ्य परिणामों को जन्म देता है, जहां भूगोल व्यक्ति द्वारा प्राप्त देखभाल की गुणवत्ता निर्धारित करता है। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को मजबूत करना, टेलीमेडिसिन का विस्तार करना और बुनियादी ढांचे में सुधार करना यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि गुणवत्तापूर्ण देखभाल हर कोने तक पहुंच जाए। एक अन्य अंतर किफायती और गुणवत्ता के बीच है। उच्च चिकित्सा लागत कई परिवारों को वित्तीय संकट में डाल देती है, विशेष रूप से उन देशों में जहां बीमा कवरेज सीमित है। इस अंतर को पाटने के लिए नीतिगत सुधार, व्यापक बीमा समावेशन और लागत प्रभावी उपचार मॉडलों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सार्वजनिक–निजी साझेदारियां मानकों से समझौता किए बिना स्वास्थ्य देखभाल को अधिक सुलभ बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रौद्योगिकी, यद्यपि परिवर्तनकारी है, लेकिन उसने अपना स्वयं का विभाजन पैदा कर दिया है। एआई डायग्नोस्टिक्स और रोबोटिक सर्जरी जैसे उन्नत उपकरण अक्सर अच्छी तरह से वित्तपोषित संस्थानों तक सीमित होते हैं। इस तकनीकी अंतर को पाटने का अर्थ है नवाचार को लोकतांत्रिक बनाना— औजारों को किफायती, मापनीय और सुलभ बनाना। प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और रोगियों दोनों में डिजिटल साक्षरता समान रूप से महत्वपूर्ण है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बीच का अंतर भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बहुत लम्बे समय से मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज किया जा रहा है या कलंकित किया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणालियों में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को एकीकृत करना, जागरूकता बढ़ाना, तथा प्रशिक्षित पेशेवरों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, कल्याण के लिए एक अधिक व्यापक दृष्टिकोण बनाने में मदद कर सकता है। अंतत:, संचार एक ऐसा विभाजन है जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। भाषा, संस्कृति और शिक्षा में अंतर प्रभावी डॉक्टर–रोगी संबंधों को बाधित कर सकता है। सहानुभूति, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और स्पष्ट संचार विश्वास निर्माण और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आवश्यक हैं। चिकित्सा के विभाजन को पाटना कोई एकल समाधान नहीं बल्कि एक सामूहिक प्रयास है। इसके लिए सरकारों, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, प्रौद्योगिकीविदों और समुदायों के बीच सहयोग की आवश्यकता है। समावेशिता, सामर्थ्य और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करके, हम एक ऐसी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की ओर बढ़ सकते हैं जो सभी को समान रूप से और प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान करे।



ललित शर्मा
संपादक

## कलियुग की है पहचान
### उदय किशोर साह
### कविता

प्रबुद्धजन जब हो जाते हैं यहाँ मौन
गुण्डे मवाली बन जाते हैं तब डॉन
जिसकी किमत चुकाता है संसार
जीवन की चाहत मान लेता है हार

जब जब हुई विद्वानों का अपमान
नंगा नाच करता जग का बेईमान
चोर लुटेरा मनाता है सब मिल जश्न
कोई भी नहीं करता कोई भी प्रश्न

कलियुग की है ये नीच पहचान
मजबुरी में मौन रहता है.। इन्सान
तांडव करता दिखता है शैतान
कैसी की रचना रच दी भगवान

टुट गई अब भरोसे की सब आस
स्वार्थ पर होते जग में सब साथ
दौलत की ऊँची है दौलत की हाथ
सब सुनता है बेईमानों की ही बात

सम्मान ,ईमान,हो गये अब लाचार
नफरत की चल रही है व्यापार
मनचले की बह रही है यहाँ बयार
किसको दोष दूँ बतला दो यार

# हम पहुँच वाले लोग हैं, हमारा दुख भी वीआईपी है



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक



मकान का मुहूर्त हो या दुकान का उद्घाटन, शादी-ब्याह की खुशियाँ हों या किसी अपने की मृत्यु का गम–हर जगह बड़े नेताओं और अफसरों की तस्वीरें चिपकाना अब 'सम्मान' नहीं, बल्कि प्रभाव और पहुँच का प्रदर्शन बन चुका है। यह एक ऐसी मानसिकता को जन्म देता है, जहाँ इंसान की असली पहचान उसके कर्म से नहीं, बल्कि उसके 'कनेक्शन' से तय होने लगती है। कभी घरों की दीवारों पर देवी-देवताओं की तस्वीरें होती थीं, जिनमें आस्था बसती थी, फिर उन दीवारों पर परिवार की तस्वीरें आईं जिनमें अपनापन था, लेकिन आज वही दीवारें नेताओं और अफसरों के साथ खिंचवाई गई तस्वीरों से भर गई हैं, जिनमें न आस्था है, न अपनापन–सिर्फ एक संदेश है: 'हम पहुँच वाले लोग हैं।' यह 'पहुँच' अब सुविधा नहीं, बल्कि सामाजिक हैसियत का प्रमाणपत्र बन चुकी है।

यह दृश्य केवल दीवारों तक सीमित नहीं है, यह हमारे मानस में गहराई तक उतर चुका है। आज व्यक्ति खुद को अपने नाम से कम और अपने 'संपर्कों' से ज्यादा पहचानता है। वह अपने परिचय में अपने गुणों, अपने काम या अपने व्यक्तित्व का उल्लेख कम करता है, लेकिन यह बताने में गर्व महसूस करता है कि वह किस नेता के करीब है या किस अधिकारी से उसकी पहचान है। यह प्रवृत्ति एक खतरनाक मोड़ पर पहुँच चुकी है, जहाँ आत्मसम्मान की जगह परोक्ष अहंकार ने ले ली है–ऐसा अहंकार जो खुद का नहीं, बल्कि दूसरों की ऊँचाई पर खड़े होकर पैदा होता है।

सबसे अधिक पीड़ादायक स्थिति तब बनती है जब यह दिखावा हमारे सबसे निजी और संवेदनशील क्षणों में भी प्रवेश कर जाता है। शोक, जो कभी सादगी, मौन और गहन संवेदना का समय हुआ करता था, आज बैनरों और पोस्टरों के नीचे दबने लगा है। किसी अपने की मृत्यु पर भी बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर नेताओं के साथ तस्वीरें चिपकाना मानो यह कहने का एक तरीका बन गया है कि 'हमारा दुख भी वी आई पी है।' यह वाक्य जितना व्यंग्यात्मक है, उतना ही भयावह भी, क्योंकि यह हमारे भीतर मरती संवेदनाओं का प्रमाण है। क्या दुख की भी कोई श्रेणी होती है? क्या आँसू भी अब पहचान देखकर बहाए जाते हैं? क्या किसी की मृत्यु अब भी शोक का विषय है या फिर वह भी एक सामाजिक प्रदर्शन बन चुकी है?

यह स्थिति केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक गहरी मानसिक असुरक्षा का परिणाम है। हम अपने भीतर कहीं न कहीं यह महसूस करने लगे हैं कि अगर हमने अपनी 'पहुँच' नहीं दिखाई, तो समाज हमें गंभीरता से नहीं लेगा। हम यह मान बैठे हैं कि सम्मान पाने के लिए योग्य होना जरूरी नहीं, बल्कि 'जुड़ा हुआ' होना जरूरी है। यह मानसिकता हमें आत्मनिर्भरता से दूर और निर्भरता की ओर ले जाती है। हम अपनी पहचान खुद गढ़ने के बजाय उसे उधार लेने लगते हैं–कभी किसी नेता से, कभी किसी अधिकारी से, और कभी किसी प्रभावशाली चेहरे से। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और गहरा बना दिया है। अब दीवारों पर लगी तस्वीरें केवल घर तक सीमित नहीं रहतीं, वे फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के जरिए सैकड़ों-हजारों लोगों तक पहुँचती हैं। अब हर खुशी एक पोस्ट है और हर दुख एक स्टेटस। लाइक्स और कमेंट्स की दुनिया में अब भावनाएँ भी 'कंटेंट' बन चुकी हैं। लोग खुश होने से ज्यादा खुश दिखने में व्यस्त हैं, और दुखी होने से ज्यादा दुख दिखाने में। यह दिखावा धीरे-धीरे हमारी सच्ची भावनाओं को निगल रहा है। जब हर भावना प्रदर्शन बन जाती है, तो उसकी गहराई खत्म हो जाती है। खुशी एक आयोजन बन जाती है और दुख एक औपचारिकता।

यह दिखावा समाज में एक अदृश्य प्रतिस्पर्धा को भी जन्म दे रहा है। एक व्यक्ति अगर किसी बड़े नेता के साथ फोटो लगाता है, तो दूसरा उससे भी बड़ा नाम ढूँढने की कोशिश करता है। यह एक ऐसी दौड़ बन जाती है, जिसका कोई अंत नहीं है। इस दौड़ में इंसानियत, सादगी और आत्मसम्मान धीरे-धीरे पीछे छूट जाते हैं। व्यक्ति यह भूल जाता है कि वह कौन है, और यह साबित करने में लग जाता है कि वह किसके साथ है। यह पहचान का संकट है–जहाँ 'मैं' खो जाता है और 'मेरे संपर्क' हावी हो जाते हैं।

लोकतंत्र के दृष्टिकोण से भी यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। जब समाज में व्यक्ति की पहचान उसके संपर्कों से तय होने लगती है, तो समानता और न्याय जैसे मूल सिद्धांत कमजोर पड़ने लगते हैं। लोग यह मानने लगते हैं कि जिनके पास 'पहुँच' है, वे नियमों से ऊपर हैं, और जिनके पास नहीं है, वे केवल दर्शक हैं। यह सोच न केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में असमानता को भी गहरा करती है। धीरे-धीरे यह विश्वास खत्म होने लगता है कि मेहनत और ईमानदारी से भी सम्मान पाया जा सकता है। इसका सबसे गहरा प्रभाव हमारी नई पीढ़ी पर पड़ रहा है। बच्चे और युवा यह देखकर बड़े हो रहे हैं कि समाज में सम्मान पाने के लिए काबिलियत से ज्यादा जरूरी है 'कनेक्शन' होना। वे यह सीख रहे हैं कि सफलता का रास्ता परिश्रम से नहीं, बल्कि संपर्कों से होकर गुजरता है। यह सोच उन्हें गलत दिशा में ले जाती है, जहाँ वे मेहनत की बजाय शॉर्टकट खोजने लगते हैं। यह केवल व्यक्तिगत हानि नहीं, बल्कि समाज के भविष्य के लिए भी एक गंभीर खतरा है।

हमें यह समझना होगा कि हर चीज को दिखाने की जरूरत नहीं होती। कुछ भावनाएँ निजी होती हैं, और उनकी गरिमा सादगी में ही बनी रहती है। शोक का समय प्रदर्शन का नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संवेदना का होता है। खुशी का अवसर भी दिखावे का नहीं, बल्कि अपनापन बाँटने का होता है। यह जरूरी नहीं कि हम अपने हर रिश्ते, हर उपलब्धि और हर संपर्क को दुनिया के सामने साबित करें। असली सम्मान और प्रतिष्ठा हमारे व्यवहार, हमारे कर्म और हमारे मूल्यों से बनती है–न कि किसी फोटो या पोस्ट से।

समाज में बदलाव की शुरूआत हमेशा व्यक्ति से होती है। अगर हम सच में इस दिखावे की संस्कृति से बाहर निकलना चाहते हैं, तो हमें खुद से शुरूआत करनी होगी। अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों में सादगी को अपनाना होगा, दिखावे से दूरी बनानी होगी, और अपनी भावनाओं को सच्चाई के साथ जीना होगा। हमें यह तय करना होगा कि हम अपनी पहचान खुद बनाएँगे, न कि उसे दूसरों के सहारे गढ़ेंगे।

हमें यह भी समझना होगा कि किसी बड़े व्यक्ति के साथ फोटो होना गलत नहीं है, लेकिन उसे अपनी पहचान का आधार बना लेना गलत है। हमें अपने कर्मों से अपनी पहचान बनानी चाहिए, न कि किसी और के नाम से। आज जरूरत है एक नई सामाजिक चेतना की–जो हमें यह सिखाए कि इंसान होना किसी भी 'वी आई पी पहचान' से बड़ा है।

क्योंकि अंत में कोई यह याद नहीं रखता कि आपने कितने बड़े लोगों के साथ फोटो खिंचवाई थी। लोग यह याद रखते हैं कि आप कैसे इंसान थे, आपने दूसरों के साथ कैसा व्यवहार किया, और आपने समाज को क्या दिया। और अगर हमने इस दिखावे की दौड़ में अपनी इंसानियत खो दी, तो फिर चाहे हमारी दीवारों पर कितनी भी वी आई पी तस्वीरें क्यों न लगी हों–हम भीतर से खाली ही रहेंगे, और यही खालीपन एक दिन हमारे पूरे समाज को भी खोखला कर देगा।

# एक साथ मजबूत: मानवीय समर्थन का विज्ञान



डॉ विजय गर्ग
लेखक

समर्थन को अक्सर दयालुता के एक साधारण कार्य, आश्वस्त करने वाला शब्द, मदद का हाथ या सुनने वाला कान माना जाता है। फिर भी इन रोजमर्रा के इशारों के पीछे एक शक्तिशाली वैज्ञानिक आधार छिपा है। मनोविज्ञान, तंत्रिका विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में किए गए शोध से पता चलता है कि समर्थन केवल भावनात्मक रूप से आरामदायक नहीं है; यह जैविक रूप से आवश्यक है। यह हमारे सोचने के तरीके को आकार देता है, हम कैसे सामना करते हैं, और यहां तक कि हम कितना समय तक जीवित रहते हैं।

इसके मूल में, समर्थन मानव जीव विज्ञान से गहराई से जुड़ा हुआ है। जब व्यक्ति समर्थित महसूस करते हैं, तो उनका शरीर सकारात्मक प्रतिक्रिया देता है। कॉर्टिसोल जैसे तनाव हार्मोन कम हो जाते हैं, जबकि ऑक्सीटोसिन और डोपामाइन जैसे अच्छा महसूस करने वाले रसायन बढ़ जाते हैं। यह जैव रासायनिक परिवर्तन भावनाओं को नियंत्रित करने, रक्तचाप को कम करने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है। इसके विपरीत, सहायता की कमी से दीर्घकालिक तनाव उत्पन्न हो सकता है, जो चिंता, अवसाद और कई शारीरिक बीमारियों से जुड़ा हुआ है।

समर्थन का सबसे आकर्षक पहलू मस्तिष्क पर इसका प्रभाव है। तंत्रिका विज्ञान संबंधी अध्ययनों से पता चलता है कि सामाजिक समर्थन सुरक्षा और पुरस्कार से जुड़े क्षेत्रों को सक्रिय करता है। केवल यह जानना कि कोई हमारे लिए मौजूद है, मस्तिष्क की खतरे के प्रति धारणा को कम कर सकता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि जब लोग समर्थन महसूस करते हैं तो वे बेहतर प्रदर्शन क्यों करते हैं, अधिक स्पष्ट रूप से सोचते हैं और असफलताओं से तेजी से उबरते हैं। संक्षेप में, संबंध की उपस्थिति में मस्तिष्क अधिक लचीला हो जाता है।

मानसिक स्वास्थ्य में भी सहायता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भावनात्मक समर्थन–सुना जाना, समझा जाना और मान्य किया जाना–व्यक्तियों को कठिन अनुभवों को संसाधित करने में मदद करता है। यह अलगाव की भावना को कम करता है और अपनेपन की भावना पैदा करता है। व्यावहारिक सहायता, जैसे कार्यों या जिम्मेदारियों में सहायता, दैनिक बोझ को कम करती है और व्यक्तियों को पुनर्प्राप्ति और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति देती है। साथ मिलकर, ये सहायता प्रकार मनोवैज्ञानिक कल्याण के लिए एक मजबूत आधार तैयार करते हैं। शैक्षिक और व्यावसायिक सेटिंग्स में, समर्थन का विज्ञान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जो छात्र शिक्षकों और साथियों से प्रोत्साहन प्राप्त करते हैं, उनके प्रेरित रहने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की संभावना अधिक होती है। इसी प्रकार, जो कर्मचारी सहकर्मियों और नेताओं द्वारा समर्थित महसूस करते हैं, वे अधिक उत्पादक, नवीन और अपने काम से संतुष्ट होते हैं। समर्थन आत्मविश्वास को बढ़ावा देता है, और आत्मविश्वास प्रदर्शन को बढ़ावा देता हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण आयाम है (अनुभूत) समर्थन की अवधारणा दिलचस्प बात यह है कि महत्वपूर्ण न केवल वह समर्थन है जो हमें मिलता है, बल्कि वह समर्थन भी है जिसके बारे में हमारा मानना है कि वह उपलब्ध है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग महसूस करते हैं कि उनके पास एक विश्वसनीय सहायता प्रणाली है, चाहे वे सक्रिय रूप से इसका उपयोग करें या नहीं, उन्हें तनाव कम करने और बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त होने का अनुभव होता है। इससे समय के साथ विश्वास और मजबूत संबंध बनाने का महत्व उजागर होता है।

प्रौद्योगिकी ने सहायता देने और प्राप्त करने के तरीके में एक नई परत जोड़ी है। ऑनलाइन समुदायों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वर्चुअल काउंसलिंग सेवाओं ने दूरी पार करके जुड़ना आसान बना दिया है। हालांकि डिजिटल सहायता आमने-सामने की बातचीत को पूरी तरह से प्रतिस्थापित नहीं कर सकती, लेकिन यह विशेष रूप से अलगाव या संकट के समय में बहुमूल्य सहायता प्रदान कर सकती है। चुनौती यह सुनिश्चित करने में है कि ये संबंध सार्थक और प्रामाणिक बने रहें।

हालाँकि, समर्थन हमेशा सरल नहीं होता। सभी सहायताएं मददगार नहीं होतीं, और कभी-कभी अच्छी मंशा से किए गए कार्य भारी या दखल देने वाले लग सकते हैं। प्रभावी समर्थन के लिए सहानुभूति, सक्रिय श्रवण और व्यक्तिगत आवश्यकताओं की समझ आवश्यक है। जो चीज एक व्यक्ति की मदद करती है, वह दूसरे की मदद नहीं कर सकती। समर्थन का विज्ञान हमें याद दिलाता है कि मात्रा से अधिक गुणवत्ता मायने रखती है।

समर्थन की संस्कृति का निर्माण छोटे, सुसंगत कार्यों से शुरू होता है। बिना किसी निर्णय के सुनना, प्रोत्साहन देना और आवश्यकता के क्षणों में उपस्थित रहना, बहुत बड़ा अंतर ला सकता है। सामाजिक स्तर पर, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और सामुदायिक सेवाओं जैसी सहायता प्रणालियों में निवेश करने से ऐसे वातावरण का निर्माण होता है जहां व्यक्ति फल-फूल सकते हैं।

अंततः, समर्थन एक सामाजिक अनुग्रह से कहीं अधिक है; यह विज्ञान द्वारा समर्थित एक मौलिक मानवीय आवश्यकता है। यह हमारे मन को मजबूत करता है, हमारे शरीर की रक्षा करता है, और हमें एक दूसरे से जोड़ता है। ऐसी दुनिया में जो अक्सर स्वतंत्रता पर जोर देती है, समर्थन का विज्ञान एक शक्तिशाली अनुस्मारक प्रदान करता है: जब हम एक साथ खड़े होते हैं तो हम अधिक मजबूत, स्वस्थ और अधिक लचीले होते हैं।

# अरुणाचल, लद्दाख के बाद अब पीओके में भी चीन की घुसपैठ



स्नेहा सिंह
लेखिका

पूरी दुनिया जहां ईरान और अमेरिका के युद्ध पर नजर केंद्रित किए बैठी है और उनके बीच समझौते की उम्मीद कर रही है, वहीं चीन ने भारत के साथ एक और चाल चल दी है। चीन ने पाकिस्तान द्वारा कब्जाए गए कश्मीर यानी पीओके के पास एक नया प्रांत विकसित कर दिया है। उसने पीओके और अफगानिस्तान की सीमा पर एक नया प्रांत बनाया है। उसने अपने शिनजियांग प्रांत में सेनलिंग नाम की काउंटी विकसित कर दी है। कहा जाता है कि उइगर मुस्लिमों की घुसपैठ रोकने और दूसरी तरफ वाखान कारिडोर की सुरक्षा के लिए यह कदम उठाया गया है। चिंताजनक बात यह है कि एशिया के विभिन्न देशों में घुसपैठ करने वाला चीन अब पीओके तक पहुंच गया है और भारत कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। चीन ने मित्रता के नाम पर पीठ पीछे वार करते हुए एक ही साल में भारत के आसपास तीन जगहों पर नए जिले बना दिए और भारत केवल कूटनीतिक विरोध दर्ज करा पाया है। करोड़ों रुपए खर्च करके स्वप्रशंसा के पोस्टर और सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के खिलाफ गरजने वाली सरकार वास्तव में चीन के सामने कागज का बाघ साबित हुई है। उल्लेखनीय है कि चीन का दावा है कि उसने अपने शिनजियांग प्रांत में नई काउंटी विकसित की है। वास्तविकता यह है कि सेनलिंग काउंटी जिस क्षेत्र में विकसित की गई है, वह क्षेत्र पीओके में आता है, ऐसे भी रिपोर्ट हैं। हालांकि यह पट्टी ताजिकिस्तान को पीओके से अलग करती है और चीन की अपनी सीमा में स्थित है। चीन का दावा था कि पूर्व तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट जैसे उइगर उग्रवादी अफगानिस्तान के रास्ते शिनजियांग में घुसपैठ करते हैं और लगातार प्रयास करते रहते हैं। उन्हें काबू करने के लिए यह जिला विकसित किया गया है। आश्चर्य की बात यह है कि चीन द्वारा यह क्षेत्र पिछले एक वर्ष से विकसित किया जा रहा था और किसी को इसकी जानकारी ही नहीं थी। भारत के इतने पास इतना बड़ा जिला विकसित हो रहा था और भारतीय खुफिया एजेंसियों या अन्य एजेंसियों को इसकी जानकारी ही नहीं थी। जानकारों का मानना है कि सरकारी एजेंसियों से चूक हुई है और अब इसकी कोई जिम्मेदारी भी तय नहीं होगी। दूसरी बात यह है कि एक वर्ष से बन रहे जिले को भी 26 मार्च को चीन ने आधिकारिक मंजूरी दे दी, जबकि भारत और भारतीय एजेंसियों को इसकी जानकारी पंद्रह दिन बाद मिली। जानकारों के अनुसार यह क्षेत्र चीन की जियोपॉलिटिक्स के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन पिछले कुछ समय से अपने सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास पर काम कर रहा है। वह लगातार नए जिलों का निर्माण कर रहा है। उसने वाखान कारिडोर के लिए इस क्षेत्र को विकसित किया है। यह जिला वास्तव में 74 किलोमीटर लंबी एक पट्टी के रूप में फैला हुआ है। यह संकरा जिला ताजिकिस्तान और पीओके को अलग करता है। चीन ने आतंकवाद विरोधी नीतियों और सुरक्षा के नाम पर इस क्षेत्र को विकसित किया है। जानकारों का मानना है कि इस जिले के जरिए वह अब पीओके और अफगानिस्तान में भी घुसपैठ करेगा और अपनी रणनीति से इन क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाएगा। इसके अलावा पीओके के जरिए पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद को बढ़ावा देकर अप्रत्यक्ष रूप से भारत को नुकसान और परेशानी पहुंचाएगा। यह जिला काशगर प्रांत के अधिकार क्षेत्र में आता है। चीन के पुराने सिल्क रोड पर स्थित काशगर एक ऐतिहासिक शहर है। चीन के लिए यह दक्षिण और मध्य एशिया से जुड़ने का एक रणनीतिक प्रवेश द्वार बनेगा। यह चीन और पाकिस्तान के बीच आर्थिक कारिडोर का प्रवेश द्वार या प्रारंभिक केंद्र बिंदु बनेगा। बेल्ट एंड रोड के पहले चरण के रूप में इस जिले को देखा जा रहा है। जानकारों के अनुसार काराकोरम पर्वतीय क्षेत्र में पीओके और अफगानिस्तान के पास यह स्थान जियोपालिटिक्स के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक वर्ष से चीन इस पर काम कर रहा था। भारत की कमजोर विदेश नीति, कमजोर कूटनीति और चीन की आक्रामक नीति का यह एक और उदाहरण है। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत के पास कड़ी और स्पष्ट विदेश नीति नहीं है और इसी कारण चीन बारबार भारत पर दबाव बनाता है। गलवान घाटी में जो घटना हुई थी, उसके बाद से कई बार चीन ने आक्रामकता दिखाई, लेकिन भारत उसे कड़ी प्रतिक्रिया नहीं दे पाया। कई बार चीन ने अरुणाचल को अपना हिस्सा दिखाते हुए नक्शे जारी किए हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे अपना बताया है। इसी तरह लद्दाख के कुछ क्षेत्रों में भी घुसपैठ की है। भारत कुछ भी नहीं कर सका है। दूसरी बात यह है कि यह चीन पहली बार नहीं कर रहा है। वह पिछले एक दशक से लगातार ऐसे कदम उठाता आ रहा है और भारत केवल विरोध तक सीमित रहा है। चीन ने पिछले 9 वर्षों में 89 भारतीय स्थानों के नाम बदलकर जारी किए हैं। उसने 2017 से भारतीय स्थानों के नाम बदलने की शुरूआत की थी। उसने उस वर्ष 6 स्थानों के नए नाम दिए थे। इसके बाद 2021 में 15 स्थानों की सूची जारी की। फिर 2023 में 11 स्थानों के नए नाम घोषित किए। 2024 में 30 स्थानों को अपना बताकर उनके नाम बदल दिए। पिछले वर्ष भी 27 स्थानों के नाम बदलकर उन्हें अपना बताया। भारत के 43 हजार वर्ग किमी सहित 7 देशों की 41 लाख वर्ग किमी जमीन चीन ने कब्जाई चीन का क्षेत्रफल 97.06 लाख वर्ग किमी है। रूस और कनाडा के बाद वह क्षेत्रफल के हिसाब से तीसरा सबसे बड़ा देश है। चीन की 22,177 किमी लंबी सीमा 14 देशों से लगती है। इनमें से 6 देशों के साथ उसने धोखे से उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। 1949 में कम्युनिस्ट पार्टी के सत्ता में आने के बाद चीन ने तिब्बत, पूर्व तुर्किस्तान और मंगोलिया के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद 1997 में हांगकांग और 1999 में मकाऊ को अपने अधीन कर लिया। उसने केवल जमीन ही नहीं, दक्षिण चीन सागर के 35 लाख वर्ग किमी क्षेत्र पर भी दावा किया है और वहां कृत्रिम द्वीप भी बनाए हैं। चीन ने भारत सहित 6 देशों की कुल 41.13 लाख वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है, जो उसके कुल क्षेत्रफल का लगभग 43 प्रतिशत है। उसने तिब्बत के 12.28 लाख वर्ग किमी क्षेत्र पर कब्जा किया। दक्षिण मंगोलिया (इनर मंगोलिया) के 11.83 लाख वर्ग किमी क्षेत्र को अपने में मिला लिया। ताइवान के 36,197 वर्ग किमी क्षेत्र पर दावा किया। हांगकांग (1,104 वर्ग किमी) और मकाऊ (115 वर्ग किमी) को अपने अधीन कर लिया। भारत का सबसे अधिक 43 हजार वर्ग किमी क्षेत्र चीन ने कब्जाया है। इसके अलावा पाकिस्तान ने भी पीओके का 6 हजार वर्ग किमी क्षेत्र चीन को दे दिया था। चीन अरुणाचल के 90 हजार वर्ग किमी और लद्दाख के 38 हजार वर्ग किमी क्षेत्र को भी अपना बताता है। पिछले वर्ष उसने लद्दाख के कब्जाए गए क्षेत्र (अक्साई चिन) में हियान और हेकांग नाम के जिले बनाए थे। पूर्व तुर्किस्तान के 16.60 लाख वर्ग किमी क्षेत्र को कब्जाकर उसे शिनजियांग प्रांत बनाया गया था। इसी प्रांत का एक हिस्सा भारत, पाकिस्तान, पीओके और अफगानिस्तान से जुड़ता है, जहां अब नया जिला बनाया गया है।

**खुशामद या दबाव:** सलमान खान की गलवान फिल्म का नाम भी बदलकर 'मातृभूमि' करना पड़ा आश्चर्य की बात है कि कुछ समय पहले सलमान खान द्वारा गलवान घाटी की घटना पर फिल्म बनाई गई थी, जिसका नाम 'गलवान' रखा गया था। जब इसका टीजर और ट्रेलर सामने आया, तो चीन ने इसका कड़ा विरोध किया। चीन के विरोध के बाद भारतीय तंत्र दबाव में आ गया और उसे खुश रखने के लिए रातोंरात फिल्म का नाम बदलकर 'मातृभूमि' कर दिया गया। फिल्म में चीन से जुड़े कई संदर्भ भी हटा दिए गए। इतना ही नहीं, लगभग 40 प्रतिशत दृश्य दोबारा शूट किए गए।

यह भी आश्चर्यजनक है कि चीन के दबाव में आकर फिल्म का इतना बड़ा हिस्सा दोबारा बनाना पड़ा, क्योंकि भारत सरकार मजबूत रुख नहीं अपना सकी या नहीं अपना पा रही है। चीन की खुशामद या उसके डर से भारतीय तंत्र बाहर नहीं आ पा रहा है और चीन अपनी मर्जी से भारत पर दबाव बना रहा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया )।** जिला एकीकरण समिति सिद्धार्थ नगर द्वारा विकास भवन सभागार में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया ।उक्त अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती शीतल सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत, कार्यक्रम अध्यक्ष शिव शरणप्पा जी.एन. जिलाधिकारी, एसपी अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि, बलराम सिंह मुख्य विकास अधिकारी ,विश्वजीत श्यौरान पुलिस उपाधीक्षक, नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी परियोजना निदेशक, अमित सिंह उपायुक्त श्रम रोजगार ,राजेश कुमार उप कृषि निदेशक, समेत तमाम अधिकारियों कर्मचारियों व एस एस बी के जवानों ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण का नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करती हुई बतौर मुख्य अतिथि शीतल सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने एक समता मूलक समाज की स्थापना की ।

उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से हम सभी को प्रेरणा लेना चाहिए। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के निमार्ता व सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। हम सभी को ऐसे महापुरुषों पर गर्व है।

अध्यक्षीय संबोधन में शिवशरणप्पा जी.एन .जिलाधिकारी ने बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार हम सभी के लिए प्रेरणाप्रद है। हमारे संविधान मे मौलिक कर्तव्यों व तमाम महत्वपूर्ण नियमों की बात कही गई है ।डॉ अंबेडकर ने समाज में सामाजिक समरसता व भाईचारा बढ़ाने का संदेश दिया।

संविधान हम सभी को नैतिक और सामाजिक बोध कराती है। डॉ. अंबेडकर अपने सामाजिक व व। वैचारिक योगदान के लिए सदैव सम्माननीय व पूजनीय रहे हैं। उन्होंने लोगों को शिक्षा प्राप्त करने व समाज के विकास में आगे आने हेतु सदैव प्रेरित किया। राष्ट्र की खुशहाली व विकास हेतु डॉ . अंबेडकर के प्रयास स्तुत्य है।

जिलाधिकारी ने अध्यक्ष जिला पंचायत व अन्य अधिकारियों व सामाजिक लोगों को स्मृति चिन्ह रूप में संविधान की उद्देशिका प्रदान कर सम्मानित किया ।बलराम सिंह मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बाबा साहब डॉ . भीमराव अंबेडकर समाज में जाति प्रथा, असमानता ,छुआछूत का उन्मूलन कर एक अच्छे समाज की परिकल्पना में सफल रहे ।हम सभी को लोगों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए ।

राष्ट्रीय एकता, अखंडता व भाईचारा कायम रखने हेतु डॉ .अंबेडकर ने तमाम प्रयास किया ,जो हम सभी के लिए प्रेरणाप्रद है ।एसपी अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि ने डॉ अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि डॉ अंबेडकर ने संविधान में सभी वर्गों के लिए समानता की बात कही है ।हम सभी को निहित स्वार्थ का त्याग कर समाज के समस्त वर्गों का ध्यान रखना चाहिए। तभी एक सशक्त समाज की स्थापना में बल मिलेगा। कार्यक्रम को विश्वजीत सौरयान ,पुलिस उपाधीक्षक, अमित सिंह उपायुक्त श्रम रोजगार,प्रो. के.पी त्रिपाठी,पूर्व प्राचार्य राजा रतन सेन पीजी कॉलेज बासी ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर डॉ. रजत कुमार चौरसिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी ,जयशंकर प्रसाद सदस्य स्थाई लोक अदालत, नीरज कुमार अग्रवाल जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मणिवाला जिला महासचिव भारतीय बौद्ध संघ ,शिव शंकर जिला समन्वयक लर्निंग ,विष्णु देव जिला समन्वयक देवीसंस्थान, योगेंद्र मोहन पीरामल फाउंडेशन, श्यामलाल सिंह ,हर्षवर्धन नाथ गौतम, अभिनव द्विवेदी जिला समन्वयक नीतिआयोग ,अनिल मिश्रा कपिलवस्तु दिव्यांग समाज सेवा ट्रस्ट ,अरुण कुमार प्रजापति पशुधन प्रसार अधिकारी ,अरुणिमा जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय बौद्ध महासंघ समेत तमाम लोग व एस.एस.बी. के जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ शंकर ने किया।

# भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर तक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई

लुकमान खान



**पूरनपुर(वेलकम इंडिया )।** संगठन द्वारा बूथ संख्या 343 पर मोहल्ला नखासा में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य , पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह , नगर पालिका परिषद चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल , जिला महामंत्री लेखराज भारती और जिला मंत्री विकास वाल्मीकि ने सहभागिता की क्बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विषय में बोलते हुए गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय संविधान समानता का अधिकार जैसा नियम ये दशार्ता है कि बाबा साहेब कितनी दूरदर्शी सोच के व्यक्ति थे क्योंकि वो जानते थे कि भारत मुगलों और अंग्रेजों का गुलाम सिर्फ इसीलिए हुआ क्योंकि हमारे बीच भेदभाव था और इसी का लाभ मुगलों और अंग्रेजों ने उठाया और फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई कउन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर तक इस कार्यक्रम को हर वर्ष मनाती है और ये पार्टी के वर्ष के 6 प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है और इस दिन को हम समरसता दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि बाबा साहेब को कांग्रेस ने हमेशा हाशिए पर रखा उनका योगदान देश के संविधान निर्माण में इतना बड़ा होने के बाबजूद भी उन्हें भारत रत्न नहीं दिया गया लेकिन जब 1990 में भारतीय जनता पार्टी समर्थित सरकार बनी तब बाबा साहेब को मरणोपरांत भारत रत्न का सम्मान देने का काम किया गया इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पीलीभीत की चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा बाबा साहेब का योगदान इस देश के लिए अतुलनीय है उन्होंने इस देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्य रखने के लिए जो कार्य किए वो अविस्मरणीय हैं उन्हीं की देन है जो आज हम 2047 तक विकसित भारत बनाने का स्वप्न देख पा रहे हैं क्कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विकास वाल्मीकि ने किया क्इस अवसर पर जिला महामंत्री लेखराज भारती , प्रदीप वाल्मीकि एडवोकेट , वेद प्रकाश पूर्व सभासद अमरचंद , शंकर राही , सोनू वाल्मीकि , एडवोकेट रवि वाल्मीकि मोहित वाल्मीकि, विकास बाबू श्रीचंद , श्यामबाबू, रोहित वाल्मीकि उपस्थित रहे।

# घन्टों इंतजार के बाद उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा, रोड़ हुआ चक्का जाम



असदुल्लाह सिद्दीकी

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया )।** नगर पंचायत बढ़नी कस्बे में स्थित युग कृष्णा गैस सर्विस के उपभोक्ताओं का मंगलवार को सब्र 08 घन्टे बाद जवाब दे गया। सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक गैस सिलेण्डर के लिए लाइन में खड़े सैकड़ों लोग जब खाली हाथ रहे तो एनएच-730 पर उतरकर चक्का जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के कुछ ही मिनटों में 160 सिलेण्डरों से लदी दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, जिसके बाद लोग सड़क से हटकर दोबारा लाइन में लगे और वितरण शुरू होने पर राहत मिली। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सुबह से लाइन में लगे रहने के बावजूद एजेंसी की ओर से कोई स्पष्ट सूचना नहीं दी जा रही थी। कार्यालय बन्द रहने और जानकारी के अभाव में लोग धूप में परेशान रहे। वहीं लोगों का कहना है कि सड़क पर उतरने के बाद ही व्यवस्था सक्रिय हुई। इधर, एजेंसी द्वारा होम डिलीवरी न होने से भी नाराजगी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई दिनों से घर-घर आपूर्ति नहीं हो रही और सिलेण्डर एजेंसी के पास बगीचे में बांटे जा रहे हैं, जहां भीड़ व अव्यवस्था बनी रहती है। लोगों ने सीमित वितरण और शेष सिलेण्डरों की कालाबाजारी कर अधिक दाम पर बेचने का आरोप लगाते हुए जांच व व्यवस्था सुधार की मांग की है।

# खांसी को हल्के में लेना हो सकता है खतरनाक, कब सतर्क होना जरूरी

हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया )।** हापुड़ जनपद में खांसी एक बहुत सामान्य लक्षण है, जिसे हम अक्सर मौसम बदलने, सर्दी-जुकाम या हल्की एलर्जी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन यही खांसी कई बार शरीर में चल रही किसी गंभीर बीमारी का पहला संकेत भी हो सकती है।

इसलिए खांसी को केवल एक साधारण परेशानी मानकर टालना सही नहीं है। अगर खांसी 2 हफ्तों से अधिक समय तक बनी रहती है, बार-बार वापस आती है, या इसके साथ अन्य लक्षण भी जुड़े हों, तो यह एक चेतावनी हो सकती है।

खांसी अपने आप में बीमारी नहीं, बल्कि किसी अंदरूनी समस्या का संकेत है—और यह समस्या हल्की एलर्जी से लेकर गंभीर फेफड़ों की बीमारी तक कुछ भी हो सकती है ।सबसे आम कारणों में एलर्जी और अस्थमा शामिल हैं, जिनमें सूखी खांसी, खासकर रात में या ठंडी हवा में, बढ़ जाती है। कई बार मरीज इसे




सामान्य सर्दी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं।

इसी तरह, लंबे समय तक धूम्रपान या प्रदूषण के संपर्क में रहने से क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस या उडढऊहो सकता है, जिसमें लगातार खांसी और बलगम की समस्या बनी रहती है।

मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के पल्मोनोलॉजी एवं क्रिटिकल केयर, थोरेसिक साइंसेज एवं लंग ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर डॉ. राहुल शर्मा ने बताया 'कुछ मामलों में खांसी किसी संक्रमण जैसे टीबी या निमोनिया का संकेत भी हो सकती है।

अगर खांसी के साथ बुखार, कमजोरी, वजन कम होना या खून आना जैसे लक्षण हों, तो तुरंत जांच करवाना जरूरी है। इसके अलावा, इंटरस्टिशियल लंग डिजीज (क्छऊ) जैसी गंभीर बीमारियों में भी धीरे-धीरे बढ़ती सूखी खांसी और सांस फूलने की समस्या देखी जाती है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लगातार बनी रहने वाली खांसी कभी-कभी फेफड़ों के कैंसर का शुरूआती संकेत भी हो सकती है, खासकर अगर मरीज धूम्रपान करता है या लंबे समय से प्रदूषण के संपर्क में है। इसलिए किसी भी प्रकार की पुरानी खांसी को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है।

डॉ. राहुल ने आगे बताया 'आपको विशेष रूप से सतर्क होना चाहिए अगर खांसी 2 हफ्तों से ज्यादा चले, खून आए, सांस फूलने लगे, सीने में दर्द हो, या बिना कारण वजन कम हो रहा हो। बार-बार एंटीबायोटिक लेने के बावजूद आराम न मिलना भी एक संकेत है कि समस्या गहरी हो सकती है।

बहुत से लोग खांसी को केवल सिरप या घरेलू उपायों से दबाने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह सही तरीका नहीं है। खांसी को दबाना नहीं, बल्कि उसके असली कारण पहचानना और उसका इलाज करना जरूरी है। आज के समय में पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT), छाती का एक्स-रे / सीटी स्कैन और अन्य आधुनिक जांचों से बीमारी का सही कारण आसानी से पता लगाया जा सकता है।'

समय पर सही जांच और इलाज से अधिकांश बीमारियों को शुरूआती अवस्था में ही नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

याद रखें-'खांसी छोटी हो सकती है, लेकिन इसका कारण बड़ा हो सकता है।' इसे नजरअंदाज न करें और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ से सलाह जरूर लें।

# गोरा में बदलाव की हुंकार: डॉ. सलीम खान की एंट्री से प्रधानी चुनाव में मचा सियासी संग्राम'

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया )।** तहसील पूरनपुर के ग्राम गोरा में प्रधानी चुनाव ने अब जोर पकड़ लिया है। गांव के पूर्व प्रधान फिरोज खान के पुत्र और समाजसेवी डॉ. सलीम खान के चुनावी मैदान में उतरते ही सियासी माहौल गरमा गया है। उनकी उम्मीदवारी को लेकर गांव में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और इसे बदलाव की नई शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। डॉ. सलीम खान ने खुद को 'गांव का बेटा' बताते हुए कहा कि उनका मकसद राजनीति नहीं, बल्कि सेवा और विकास है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गांव में सड़क, पानी, सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाकर गोरा को एक आदर्श गांव बनाया जाएगा। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि ग्रामीणों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में सबसे ऊपर रहेगा। इसके लिए गांव स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की योजना तैयार की जा रही है। डॉ. सलीम खान की दावेदारी से चुनावी समीकरण तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। समर्थकों का कहना है कि इस बार चुनाव जाति या व्यक्तिगत मुद्दों पर नहीं, बल्कि विकास के एजेंडे पर लड़ा जाएगा। गांव में बढ़ते जनसमर्थन और उत्साह के बीच यह मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। अब देखना होगा कि डॉ. सलीम खान का 'बदलाव का संकल्प' ग्राम गोरा की तस्वीर और तकदीर को कितना बदल पाता है।

# नि:स्वार्थ भाव से हो जीवों की सेवा और कल्याण के कार्य : बोहरा

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**बाड़मेर राजस्थान।** थार के मरूस्थल में पिछले कुछ दिनों से लगातार गर्मी का दौर बढ़ता जा रहा है। जिसमें मंगलवार का दिन काफी गर्म रहा है। ऐसे में अबोल जीवों की जल सेवा को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से संस्थान अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में बाड़मेर शहर में अलग-अलग स्थानों पर पक्षियों के लिए परिण्डे तथा पशुओं की जल सेवा में जल कुण्ड़ियां लगाई गई।

जन कल्याण संस्थान की ओर से इस वर्ष पक्षी जल सेवा में 2000 से अधिक मिट्टी के परिण्डे एवं पशु जल सेवा में 200 से अधिक जल कुण्ड़िया लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं संस्थान की ओर से मानव जल सेवा की कड़ी में शहर भर में अलग-अलग स्थानों पर 16 शीतल जल प्याऊ का संचालन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से प्रतिदिन 200 केम्पर पानी की खपत होती है। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि अबोल जीवों की सेवा व कल्याण से बढ़कर कुछ भी नही है। जिसको लेकर संस्थान निरन्तर जन-सहयोग से मानव, पशु-पक्षी की जल सेवा कर रही है। अमन ने कहा कि थार में भीषण गर्मी के दिनों का यह समय बहुत ही विकट रहता है। ऐसे में जीवों के प्रति निःस्वार्थ भाव से सेवा व कल्याण के कार्य किये जाये। यह हम सब का नैतिक दायित्व व कर्तव्य बनता है। इस दौरान मुकेश अमन, सिरेमल बोहरा, गौतम बोहरा पटवारी, हरीश बोथरा, प्रेम भंसाली, गौतम बोहरा, पवन संखलेचा बारदाना, प्रभुलाल श्रीश्रीमाल, गौतम बोथरा, नरेश जैन, कल्याणसिंह, जोगेन्द्र जैन, मुकेश भंसाली सहित मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

# संगठन का तीखा पलटवार: राष्ट्रीय अध्यक्ष पर भ्रामक बयान और आपत्तिजनक वीडियो पर जताई नाराजगी

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया )।** भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष भजन लाल क्रोधी एवं मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक बयान और एक वायरल वीडियो को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह के खिलाफ गलत, भ्रामक और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए वीडियो भी वायरल किया गया है, जो अत्यंत निंदनीय है। इस प्रकार की घटनाएं न केवल व्यक्तिगत छवि को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि सामाजिक माहौल को भी खराब करने का कार्य करती हैं। भजन लाल क्रोधी और लालू मिश्रा ने कहा कि भानु प्रताप सिंह हमेशा किसानों के हक और हितों की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं। ऐसे में उनके खिलाफ इस तरह की बयानबाजी और वीडियो का प्रसारण पूरी तरह से गलत और साजिशपूर्ण प्रतीत होता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन किसी भी प्रकार की अशोभनीय या अपमानजनक भाषा का समर्थन नहीं करता, लेकिन बिना तथ्य के लगाए गए आरोपों और भ्रामक प्रचार का कड़ा विरोध किया जाएगा ।दोनों पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह के भ्रामक और आपत्तिजनक कंटेंट फैलाने वालों पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि सामाजिक सौहार्द और शांति बनी रहे तथा किसान आंदोलन के वास्तविक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित हो सके।

# बालाजी धाम अलीगंज में 4-5 मई को भव्य वार्षिकोत्सव

## झंडी यात्रा, भव्य दरबार, हवन व विशाल भंडारे की तैयारियां अंतिम चरण में

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया )।** जनपद में एक बार फिर आस्था, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बालाजी धाम अलीगंज में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 4 एवं 5 मई को दो दिवसीय भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं और भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

बालाजी धाम अलीगंज बीते कई वर्षों में न केवल जिले बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी एक प्रमुख धार्मिक पहचान बन चुका है। यहां प्रत्येक मंगलवार को लगने वाला बाबा का दरबार श्रद्धालुओं के लिए आस्था, सेवा और समस्याओं के समाधान का प्रमुख केंद्र माना जाता है।

महंत दीपक शर्मा के सानिध्य में संचालित यह दरबार लगातार लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है। उनके सरल स्वभाव, सेवा भावना और समर्पण के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनसे जुड़ते जा रहे हैं।

दरबार में हर वर्ग के लोग—बच्चे, महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग—अपनी श्रद्धा और मनोकामनाओं के साथ पहुंचते हैं। भक्तों का विश्वास है कि यहां आने से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, जिससे इस धाम की महिमा और भी बढ़ती जा रही है।

दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के कार्यक्रमों की रूपरेखा भी बेहद आकर्षक और धार्मिक उत्साह से परिपूर्ण है। 4 मई को दोपहर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

शाम के समय बाबा का भव्य और विशाल दरबार सजाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। वहीं 5 मई को प्रातः 10 बजे गौहनिया चौराहे स्थित हनुमान मंदिर से भव्य झंडी यात्रा का शुभारंभ होगा।

यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए बालाजी धाम अलीगंज पहुंचेगी, जहां इसका समापन किया जाएगा। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा।

झंडी यात्रा के समापन के पश्चात बाबा की इच्छा तक विशाल भंडारा निरंतर चलता रहेगा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। हर वर्ष की तरह इस बार भी जिले के अलावा दूर-दराज के जनपदों से भी बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है। महंत दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वार्षिकोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, प्रेम, सेवा और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

पूरे आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है और श्रद्धालु बेसब्री से इस भव्य कार्यक्रम का इंतजार कर रहे हैं। बालाजी धाम अलीगंज एक बार फिर भक्ति, आस्था और सामाजिक समरसता का केंद्र बनने जा रहा है।

# धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती

असदुल्लाह सिद्दीकी





**खुनुंवा/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया )।** भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार और भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती मंगलवार को भारत-नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बगहवा में भव्य रैली और जयंती समारोह का आयोजन किया गया। वहीं आयोजन समिति के संयोजक एवं सेवानिवृत्त लेखपाल राम प्रसाद के नेतृत्व में बगहवा से गाजे-बाजे के साथ रैली निकाली गई। रैली बगहवा से प्रारम्भ होकर चार रास्ता, खुनुवां पंचायत भवन होते हुए गांव के विभिन्न मार्गों - गुजरौलिया, चेतरा से गुजरते हुए पुनः बगहवा में सम्पन्न हुई। रैली में शामिल महिलाओं, पुरुषों और बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। 'बाबा साहेब अमर रहें' जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। खुनुवां स्थित पंचायत भवन पर प्रधान संजय कुमार द्वारा रैली में शामिल लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था कराई गई, जिसके बाद रैली आगे बढ़ी। रैली आयोजन समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश ने कहा कि बाबा साहेब ने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का सन्देश देकर समाज के शोषित और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने का कार्य किया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता सचमुच त्रिपाठी ने कहा कि डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर, जिन्हें 'बाबासाहेब' के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय इतिहास के महान व्यक्तित्व हैं और उनके योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने बताया कि हर वर्ष 14 अप्रैल को पूरे भारत में अम्बेडकर जयन्ती बड़े सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई जाती है, जो सामाजिक समानता और न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर खुनुवां चौकी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही और चप्पे-चप्पे पर निगरानी बनाये रखी। इस अवसर पर पूर्व प्रधान सीताराम चौधरी, प्रधान संजय कुमार, प्रवीन तिवारी, रवि तिवारी, मानव सेवा प्रभारी प्रमोद चौधरी, राजेश कुमार, जनार्दन पाल, अध्यापक दिलीप कुमार भारती, तारकेश्वर, गामा यादव, कांस्टेबल अनिल कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। इसी तरह ग्राम पंचायत महला में भी भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर 135वीं जयन्ती की शोभायात्रा गाजे बाजे व भारी भीड़ के साथ निकाली गयी। शोभायात्रा महला उत्तरडीह से शुरू हुआ और पकड़िहवा होते महला चौराहा से महला दक्षिणीडीह पर आकर समाप्त हुआ। शोभायात्रा में महिलाएं, बच्चे, युवाओं के साथ साथ बाबा साहब के अनुयायी शामिल रहे।

# 'समता, समानता और न्याय का संदेश: टेढ़ी बगिया चौराहे पर बाबा साहब के जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब, विशाल भंडारा बना आकर्षण का केंद्र'

मयूर खान




**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के पावन अवसर पर आगरा शहर पूरी तरह भीममय नजर आया।

शहर के विभिन्न हिस्सों में भव्य शोभायात्राएं, आकर्षक झांकियां, विचार गोष्ठियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें समाज के हर वर्ग ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर किसी में बाबा साहब के प्रति गहरा सम्मान और उत्साह देखने को मिला।

इसी क्रम में टेढ़ी बगिया चौराहे पर बाबा साहब का जन्मोत्सव अत्यंत भव्य और यादगार तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर की गई, जहां उपस्थित लोगों ने 'जय भीम' के नारों के साथ माहौल को पूरी तरह जोश और उत्साह से भर दिया।

इसके बाद विशाल प्रसादी वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर सामाजिक एकता का परिचय दिया।

कार्यक्रम स्थल को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। बाबा साहब की प्रतिमा और चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पूरे क्षेत्र में नीले झंडों और बैनरों से एक अलग ही वातावरण बना हुआ था, जो बाबा साहब के विचारों और उनके संघर्ष की याद दिला रहा था।

इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज के दबे-कुचले और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

उनका संविधान निर्माण में योगदान देश के लिए अमूल्य है। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और समाज को आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया। वक्ताओं ने यह भी कहा कि आज के समय में बाबा साहब के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। समता, समानता और भाईचारे का उनका संदेश समाज को एकजुट रखने की सबसे बड़ी ताकत है।

युवाओं से आह्वान किया गया कि वे बाबा साहब के आदर्शों को अपनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं।

इस दौरान प्रमुख रूप से विपिन जाटव, राहुल जाटव, रवि, अमन जाटव, केशव जाटव, राजकिशोर और विक्रम जाटव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर शुजागंज से निकली भव्य बाइक रैली



फतेह खान

**रूदौली अयोध्या(वेलकम इंडिया)।** रूदौली क्षेत्र के शुजागंज से विधायक पुत्र आलोक चन्द्र की अगुवाई में आज अंबेडकर जयंती के अवसर पर भव्य बाइक रैली निकाली गई।

यह रैली शुजागंज से शुरू होकर भेलसर होते हुए कूढ़ासादत स्थित अंबेडकर पार्क तक पहुंचेगी। रैली में युवाओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

पूरे रास्ते 'जय भीम' के नारों से माहौल गूंज उठा और प्रतिभागियों ने बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है।

# वृन्दावन सरोवर में धूमधाम से सम्पन्न हुआ भक्ति सम्मान महोत्सव

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** कैलाश नगर स्थित वृन्दावन सरोवर में गोलोकवासी श्रीमती मुन्नी देवी की स्मृति में भक्ति सम्मान महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सन्त प्रवर रामदास महाराज (अयोध्या) के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ।महोत्सव का शुभारंभ स्व. श्रीमती मुन्नी देवी के चित्रपट के समक्ष पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।तत्पश्चात सरस भजन संध्या आयोजित हुई।

जिसमें प्रख्यात भजन गायक विष्णु बावरा व भजन गायिका राधिका किशोरी ने ठाकुर श्रीराधा-कृष्ण की महिमा से ओत-प्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन कर सभी को भाव-विभोर कर दिया।इसके अलावा भागवत प्रवक्ता साध्वी वर्षा हरि कौशल, रूपेश महाराज एवं बालशुक गोपाल शरण महाराज आदि ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।महोत्सव के अंतर्गत प्रख्यात साहित्यकार 'यूपी रत्न' डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, ब्रजभूमि कल्याण परिषद् के अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, भागवत प्रवक्ता अनमोल कृष्ण शास्त्री, डॉ. अनूप शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, भागवताचार्य अंकित कृष्ण शास्त्री, पण्डित राजेश शास्त्री आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली गणमान्य विभूतियों को सम्मानित किया गया।

उन्हें यह सम्मान कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अमित यादव एवं अशोक यादव ने प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला आदि भेंट करके किया।

इस अवसर पर आकांक्षा यादव, शुभ, हर्षित यादव, गीताली यादव, कल्पना यादव, गीता यादव, जितेंद्र यादव, संदीप यादव, सचिन यादव, विवेक यादव, धीरेन्द्र यादव, रिशु यादव, कार्तिक एवं करन आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संचालन सन्त प्रवर रामदास महाराज (अयोध्या) ने किया। कार्यक्रम का समापन सन्त, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।जिसमें सैकड़ों व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# 'क्लीन तलहटी, ग्रीन तलहटी' अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** वल्लभ सम्प्रदाय के आचार्य पूज्य गोस्वामी प्रशान्त कुमार महाराज बृहन्मन्दिर, मुम्बई की प्रेरणा तथा पर्यावरण प्रेमी पंडित दाऊदयाल शर्मा के अथक प्रयासों से गीत संगीत सागर ट्रस्ट (मुम्बई) के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण का कार्य निरंतर जारी है।

इसी क्रम में आन्यौर स्थित श्रीगोविन्द कुण्ड में श्रीगिरिराज जी की पावन तलहटी में पूर्व में वृक्षारोपण एवं सफाई अभियान चलाने के बाद अब जतीपुरा श्मशान भूमि के निकट तलहटी क्षेत्र में व्यापक सफाई कार्य कराया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व पूज्य महाराज स्वयं इस स्थल पर पधारे थे और उन्होंने स्थल का निरीक्षण कर वहां फैले कूड़े-कचरे को तत्काल हटाने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देशानुसार पंडित दाऊदयाल शर्मा ने संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर आज यहां जमा कचरे को हटवाने का कार्य संपन्न कराया। उल्लेखनीय है कि यहां कचरा लगभग 5 से 6 फीट ऊंचे टीले के रूप में जमा हो गया था। इस अवसर पर पूज्य महाराजश्री ने कहा कि वे 'क्लीन तलहटी, ग्रीन तलहटी' मिशन के तहत संकल्पपूर्वक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से श्रीगिरिराज जी की तलहटी को पुनः स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाया जा सकता है।

# डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी ने छवि चित्र पर किया माल्यार्पण

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। जिलाधिकारी ने श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कोटि-कोटि नमन किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान भारत की आत्मा है, संवैधानिक दायरे में रहकर जनता की सेवा करना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धा है। बाबा साहब ने भारत को एक सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी संविधान प्रदान किया। बाबा साहब ने गरीबों, वंचितों और शोषितों के लिए सदैव संघर्ष किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब के विचार, आदर्श एवं व्यक्तित्व हम सबके लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब शिक्षा एवं शिक्षित समाज के निर्माण के प्रति हमेशा जागरूक रहे है और सभी के प्रेरणा श्रोत रहे, उन्होंने जीवन भर शोषण, भेदभाव और असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी। बाबा साहब के संघर्षों, सिद्धान्तों एवं आदर्शों के कारण ही आज हम सब उन्हें महापुरूष के रूप में मानते है। उन्होंने कहा कि हम सभी एक लोक सेवक, अधिकारी व कर्मचारी के रूप में आमजन की गरिमा का सम्मान करते हुए उनकी समस्याओं का नियमानुसार निराकरण कराएं, यही हमारा दायित्व है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर रघुवेंद्र सिंह, ऊषा सिंह, नरेंद्र यादव, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# अडींग गांव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** क्षेत्र के अडींग गांव में मंगलवार देर शाम की 135वीं जयंती के शुभ अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज सेवा समिति के नेतृत्व में एक भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा की शुरूआत गांव स्थित बौद्ध पार्क से की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा में बाबा साहेब के चित्रों, झांकियों और बैंड-बाजों के साथ श्रद्धा और सम्मान का भाव स्पष्ट रूप से झलक रहा था। शोभायात्रा पूरे गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः बौद्ध पार्क पर आकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह लोगों ने जलपान की व्यवस्था कर शोभायात्रा में शामिल लोगों का उत्साहवर्धन किया। पूरे मार्ग में 'जय भीम' के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस दौरान प्रमुख समाजसेवी गुलाब सिंह उर्फ गब्बर सैनी ने विशेष रूप से शोभायात्रा का स्वागत करते हुए बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और समिति के पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों को दुपट्टा एवं चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में समिति के पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के विचारों को अपनाने और समाज में समानता, शिक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

# धरमघर महोत्सव में लोककलाकारों ने सभी दर्शकों का मनमोहा

## बागेश्वर व पिथौरागढ़ जिले के हजारों दर्शकों ने उठाया महोत्सव का लुत्फ

वेलकम इंडिया संवाददाता





**धरमघर।** परसीलाल वर्मा, पिथौरागढ़/बागेश्वर जिले की सीमा में बसे धरमघर कस्बे में चल रहे द्वितीय दिवस की शाम चांदनी इंटर प्राइजेज के नाम रही।स्टार नाईट की शाम मशहूर गायक गोविंद दिगारी,जितेंद्र तुमक्याल,कैलाश कुमार,राकेश पनेरू,चन्द्रप्रकाश,बेबी प्रियंका,विक्रम बोरा नीरज चुफाल,के नाम रही। महोत्सव का उत्साह इतना था कि दोनों जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोग महोत्सव का लुत्फ उठाने पहुंचे।सैकड़ो की संख्या मे भी दर्शक नाइट शो में लोककलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति कलाकारों का उत्साहवर्धन करते नजर आए।

वहीं पहले दिन के कार्यक्रमों में क्षेत्रीय विद्यालयों के छात्रों और स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सबका मनमोहा।महोत्सव समिति के अध्यक्ष प्रधान गोकुल पंचपाल ने सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया।

जहां पहले दिन स्टार नाइट में बतौर मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय और विशिष्ट अतिथि महर्षि विद्यालय के डायरेक्टर टी सी पाठक ने किया। रात्रि कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। वही महोत्सव समिति को भव्य आयोजन के लिए बधाईया दी।

महोत्सव के प्रथम दिवस के स्टार नाईट में माया उपाध्याय, हनी ग्रुप मुवानी,बागनाथ म्यूजिकल ग्रुप मनोज पाठक,रितु लोहिया,सुहानी नेगी,शेखर तिवारी,पूरन पाठक,हिमांशु कुमार नन्द हरि सांस्कृतिक समिति के नाम रही। स्टार गायक माया उपाध्याय के गानों में दर्शक देर रात तक थिरकते रहे।

इससे पूर्व दिन के कार्यक्रमो का शुभारंभ बेरीनाग नगर पंचायत अध्यक्ष हेमा पंत,पूर्व दर्जा मंत्री खजान दास पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर उद्घाटन किया ।

इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी दीप जोशी,क्षेत्र पंचायत सदस्या मंजू राठौर,चांदनी इंटर प्राइजेजके संस्थापक ऐवं चीफ इंजियर यूपीसीएल नवीन टोलिया,एकलब्य ऐकेडमी के प्रवंधक हरीश चुफाल,इन्दर सिंह धानिक,शुंदर मेहरा,हरीश कोरंगा, मनोज पाठक,विनोद पंचपाल, मनोज सैनी,निकेश राठौर,धीरज वर्मा,भगवान लस्पाल, महोत्सव समिति के समस्त पदाधिकारी मौजूद थे।

# रामपुर में कैफे व बैंकर के नाम पर चल रहा है अवैध गौरख धंधा




वेलकम इंडिया संवाददाता

**रामपुर।** रामपुर की गंगा जमुनी तहजीब को बर्बाद करने में कुछ होटल व कैफे कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हांलाकि रामपुर के नवांगत पुलिस अधीक्षक ने चार्ज सभालते ही शहर व हाइवे पर चल रहे इस गौरख धंधे के खिलाफ अभियान चलाकर काफी कार्यवाही भी की है लेकिन इसके बाद भी यह होटल व कैफे वाले सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

बताते चले कि शहर कोतवाली क्षेत्र के माला रोड पर एक अस्पताल के करीब कैफे व बैंकर नाम से बने रूमों में युवक व युवतियां खूब धमाल कर रहे है। कैफे संचालक शहर की गंगा जमुनी तहजीब को बर्बाद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है।

युवक अपने साथ युवतियों को उक्त रूमों में लाकर क्या करते होंगे यह बताने की जरूरत नहीं हैं। यह युवतियां स्कूलों के समय व ट्यूशन के समय अपने घर में पढ़ाई को बोलकर ऐसे मनचले युवकों के साथ उक्त रूमों में आ रहीं है जो शहर की फिजा के लिए शुभसंकेत नहीं है। लोगों का कहना है कि माला रोड पर बैकरी व कैफे के नाम पर खूब आवारागर्दी हो रही है जिससे रामपुर की गगा जमुनी तहजीब को खतरा बना हुआ है।

# अंबेडकर जयंती पर हुई निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली छात्र छात्राएं को महेश चंद शर्मा गोल्डी भैया ने किया सम्मानित

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** गोवर्धन के अडींग गांव में स्थित दीनदयाल इंटर कॉलेज में 14 अप्रैल मंगलवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में सीनियर एवं जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान खुशी राजपूत पुत्री रमेश, द्वितीय स्थान रुचि शिहोरा पुत्री जागीरथ सिहोरा, तृतीय स्थान प्रांशी मित्तल पुत्री ओमप्रकाश मित्तल ने बेहतर प्रदर्शन कर हासिल किया, जबकि जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान दिशा पुत्री अरुण कुमार द्वितीय स्थान नीलम पुत्री सीताराम तृतीय स्थान रवि कुमार पुत्री अमित ने हासिल किया। जिनको विद्यालय द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी नेता महेश शर्मा उर्फ गोल्डी भैया, गब्बर सैनी, भाजपा नेता कपिल सेठ, चंद्रपाल, समाजवादी पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष सोनू यादव, रामप्रसाद यादव, दिनेश सैनी, सहित अनेक गणमान्य लोग एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। विद्यालय के प्रबंधक दिनेश चंद यादव ने बाबा साहेब के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यालय की ओर से अतिथियों द्वारा गरीब एवं आश्रित बच्चों को किताबें और स्कूल ड्रेस वितरित की गईं।वही दीनदयाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक दिनेश चंद्र यादव ने कहा कि जिन बच्चों के माता पिता नहीं है उनको विद्यालय परिवार की तरफ से निशुल्क शिक्षा किताब व ड्रेस उपलब्ध कराई जा रही है।

तो वहीं जिन बच्चों के माता पिता में से कोई एक नहीं है उनके लिए विद्यालय फीस में उचित छूट की जा रही है और ऐसे बच्चों के लिए भी किताबें वह ड्रेस विद्यालय परिवार की तरफ से मुफ्त दी जा रही है।विद्यालय के द्वारा की जा रही इस पहल से ग्रामीणों में जहां एक तरफ विद्यालय की सराहना हो रही है वहीं ग्रामीणों में चर्चा का विषय भी बना हुआ है।

# भक्ति और आस्था के संग शुरू हुई राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, भव्य कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

गुलजार आलम



**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** श्री सनातन रामलीला कमेटी के तत्वावधान में नवनिर्मित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ भक्ति और श्रद्धा के माहौल के बीच धूमधाम से हो गया। यह धार्मिक अनुष्ठान 20 अप्रैल तक विभिन्न वैदिक विधि-विधानों के साथ आयोजित किया जाएगा, जिसमें हरदोई से आए विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पूजा-अर्चना और अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलवार सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा बाबा लक्ष्मण दास समाधि स्थल से प्रारम्भ होकर सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग से होते हुए उत्सव पैलेस स्थित नवनिर्मित राम मंदिर परिसर तक पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कलश यात्रा में सिर पर कलश धारण किए महिलाएं पारंपरिक परिधानों में भक्ति गीत गाती हुई आगे बढ़ रही थीं, वहीं 'जय श्रीराम' और 'सीताराम' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया, जिससे माहौल और भी आध्यात्मिक बन गया। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन यज्ञ, हवन, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। 20 अप्रैल को विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच भगवान राम की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नगर के गणमान्य लोग, रामलीला कमेटी के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है और श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

## कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम व एडीएम ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया भावपूर्ण नमन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती का आयोजन आज 14 अप्रैल 2026 को 'सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा और सशक्तिकरण' थीम पर कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वि/रा) जय प्रकाश व अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी सहित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावपूर्ण नमन किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, समानता और बंधुता से संबंधित शपथ दिलाई। जिलाधिकारी आलोक कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहब के संघर्षों, सिद्धान्तों एवं आदर्शो के कारण ही आज हम सब उन्हें महापुरूष के रूप में मानते है। उन्होंने कहा कि हम सभी एक लोक सेवक, अधिकारी व कर्मचारी के रूप में आमजन की गरिमा का सम्मान करते हुए उनकी समस्याओं का नियमानुसार निराकरण कराएं, यही हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब शिक्षा एवं शिक्षित समाज के निर्माण के प्रति हमेशा जागरूक रहे और सभी के प्रेरणा श्रोत रहे, उन्होंने जीवन भर शोषण, भेदभाव और असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी। जिलाधिकारी ने संविधान में लिखित मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों सहित हर वर्ग, दलित व समाज के हर नागरिक के लिए समानता एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे अधिकारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बाबा साहब के सिद्धान्तों, आदर्शो एवं सघर्षों से सीख लेने तथा उन्हें अपने व्यवहार में लाते हुए उनके द्वारा रचित संविधान में उल्लिखित कानूनों का पालन करने हेतु संकल्प लेने का दिन है।

इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार, एसओसी विनय कुमार सिंह, जिला होमगार्ड कमांडेंट शैलेंद्र मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी बद्री प्रसाद, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित कलेक्ट्रेट के पटल सहायक आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पितः अग्निशमन केन्द्र का किया गया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने क्षेत्राधिकारी यातायात/कार्यालय अमित कुमार की उपस्थिति में जनपद संतकबीरनगर के अग्निशमन एवं आपात सेवा शाखा में शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित कर्मचारियों को पिन-फ्लैग लगाकर सम्मानित किया तथा अपना वक्तव्य पढ़कर सुनाया। इसके उपरांत उन्होंने अग्निशमन केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विदित हो कि अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह दिनांक 14.04.2026 से 20.04.2026 तक मनाया जा रहा है। इस दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन को आग से बचाव, अग्निशमन उपकरणों के उपयोग एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करेंगे।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत कस्बा मगहर में पैदल गश्त किया गया। पैदल गश्त के दौरान भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजन को किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं अपराधों की रोकथाम हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया। पैदल गश्त का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराध एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

# अगर आप जीवन में सफल होना चाहते हैं तो बाबा साहेब के आदर्शो को जीवन में उतारें- विमल कीर्ति

## दि बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया ब्लाक इकाई सेमरियावां के तत्वाधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम






**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को जूनियर हाईस्कूल सेमरियावा के परिसर में दि बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया ब्लाक इकाई सेमरियावां के तत्वाधान में संविधान निमार्ता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती श्रद्धा, उल्लास के वातावरण में मनाई गई।

विकास खण्ड सेमरियावा के जूनियर हाईस्कूल सेमरियावा के परिसर में मंगलवार को दि बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया ब्लाक इकाई सेमरियावां के तत्वाधान में संविधान निमार्ता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती श्रद्धा, उल्लास के वातावरण में मनाई गई।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किये।

इस मौके पर मुख्य धम्म उपदेशक विमल कीर्ति कुशीनगर,

ने कहा कि बाबा साहेब का कथन है कि शिक्षित बनो, एकजुट रहो और संघर्ष करो। इस एक लाइन में जीवन का पूरा सार छुपा हुआ है। अगर आप जीवन में सफल होना चाहते है तो इन बातो को अपने जीवन में उतार लीजिये। बाबा साहेब ने जीवन पर्यंत संघर्ष किये। उन्होंने देश को एक ऐसा संविधान दिये जिसमें समाज के हर वर्ग को समान अधिकार देता है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्रद्धेय सतीश चंद बौद्ध, सपा नेता मोहम्मद अहमद, मोहम्मद शफीक, तिलकराम गौतम, संत योगेश्वर, रामशंकर निराला, ओमप्रकाश, संतराम चौधरी, आरके बाबू, हीरालाल भारती आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इस मौके पर दिलीप कुमार, राजकुमार, डॉ मुन्ना लाल, कन्हैयालाल, रामनाथ बौद्ध, मनोज कुमार अनिल, गिरानी लाल, राम जनक, फूलचंद, बैरागी, इश्तियाक अहमद समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो- संजय द्विवेदी



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को ए. एच. एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा में भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के प्रणेता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती उल्लासपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद इश्तियाक अंसारी व संचालन कमरे आलम सिद्धकी ने किया।

प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि शोषितों और वंचितों के उत्थान और राष्ट्र निर्माण के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर का योगदान सदैव हम सबको प्रेरणा देता रहेगा।

डॉ. अंबेडकर शिक्षा को सशक्तिकरण, सामाजिक समानता और मुक्ति का सबसे शक्तिशाली साधन मानते थे। उनका मूलमंत्र था- 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो'।

वे शिक्षा को केवल साक्षरता नहीं, बल्कि तर्कसंगत सोच, नैतिकता और मानवीय गरिमा विकसित करने का जरिया मानते थे।

इस अवसर पर विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके पदचिंन्हो पर चलने की शपथ ली। इस दौरान फसीयुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुल सलाम, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, औबेदुल्लाह, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, अखिलेश कुमारी, हकीमल्लाह, फखरुद्दीन, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, पीड़िता ने की कार्रवाई की मांग

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बा निवासी एक विधवा महिला ने एक युवक पर निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म करने और रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंगलवार को कस्बा निवासी एक विधवा महिला ने बताया कि वह दिव्यांग है,उसके पति की कई वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है और वह अकेले रहकर अपना व अपने बच्चों का जीवन यापन कर रही है। लगभग दो वर्ष पूर्व बागपत जनपद के रमाला थाना क्षेत्र के गांव कासिमपुर निवासी एक युवक उसके संपर्क में आया। युवक ने उसकी देखभाल करने और निकाह करने का आश्वासन देकर उसका विश्वास जीत लिया ।महिला का आरोप है कि आरोपी ने निकाह का झांसा देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही, विभिन्न बहानों से उससे रुपये भी लेता रहा। जब पीड़िता ने उस पर निकाह करने का दबाव बनाया, तो आरोपी मुकर गया। पीड़िता ने थाना पहुंचकर मामले की शिकायत की और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है ।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसकर मां-बेटे से मारपीट, पड़ोसियों पर आरोप

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव हुरमंजपुर में एक विवाहिता ने अपने पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव हुरमुजपुर निवासी सुमन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने बेटे सागर के साथ घर में बैठी थी। आरोप है कि इसी दौरान उनके पड़ोसी तीन लोग लाठी–डंडे और धारदार हथियार लेकर जबरन घर में घुस आए और उसके बेटे के साथ गाली–गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने सागर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।बेटे को बचाने पहुंची महिला के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की, जिसमें मां–बेटा दोनों घायल हो गए। शोर–शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। भीड़ बढ़ती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए ।पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अम्बेडकर जयंती में शामिल होने जा रहा युवक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के रक्शाकला निवासी एक युवक केशवापुर पेट्रोल पंप के पास बच्चे को बचाने के चक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत गंभीर देख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना दुधारा क्षेत्र के रक्शाकला निवासी सविन्द्र पुत्र मुन्नर रक्शाकला( 18 ) अपने साथियों के साथ बाइक से सेमरियावां में अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था कि केशवापुर पेट्रोल पंप के पास बच्चे को बचाने के चक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने सीएचसी सेमरियावां लाया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डा. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा की ताकत से दिशा बदली- रोहित पाण्डेय

## सेमरियावां ब्लाक परिसर में मनाई गयी जयंती



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** संविधान निमार्ता, भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा की ताकत से देश को नयी दिशा दी। उक्त बातें मंगलवार को समाजवादी पार्टी के नेता रोहित पाण्डेय ने सेमरियावां ब्लाक परिसर में बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का कथन है कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो यह जीवन में हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

अगर आगे बढ़ना हैं तो हमें अपने बच्चों को शिक्षा देनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह खराब है। आम आदमी तमाम समस्याओं से परेशान है इसलिए हमें अपनी वोट की ताकत को पहचानना है। और इसका सही इस्तेमाल करना है। इससे पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सपा नेता रोहित पाण्डेय ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर निलेश कुमार पाण्डेय, सूर्यमणि गौतम, सलीम उमर, अब्दुल हकीम, मास्टर मुहम्मद रईस, अबूजर चौधरी,पिंटू, संतोष गौतम, शैलेश आर्या, राम आशीष, शाहिद अली, राहुल सिंह, आशुतोष यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अम्बेडकर जयंती पर ग्राम प्रधान के नेतृत्व में निकली रैली

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**संतकबीरनगर।** मंगलवार को संविधान निमार्ता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर विकास खण्ड सेमरियावा के ग्राम भरवलिया बूधन के ग्राम प्रधान राकेश कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये।

ग्राम प्रधान राकेश कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रैली निकालकर जन्मदिन की खुशी मनाई।

इस दौरान ग्राम प्रधान राकेश कुमार ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए खास है। संविधान निमार्ता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हम सबको ऐसा संविधान दिए जो कि हमें देश में सम्मान के साथ रहने का अधिकार देता है।

शिक्षा ही वह ताकत है जिससे कि व्यक्ति सब कुछ हासिल कर सकता है। बाबा साहेब ने शिक्षित होने, एकजुट रहने और संघर्ष करने की शिक्षा दिये जो कि आज भी प्रासंगिक है।

# धूमधाम से मनी डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती

## संकल्प संस्था के भव्य कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने लिया उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प

**मोहसिन रहमानी**



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** संकल्प सामाजिक सेवा संस्था के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद के सभागार में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्षों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आ'ान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव शर्मा ने की, जबकि संचालन इंद्रपाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन और वार्ड नंबर 11 के सभासद प्रदीप भार्गव की उपस्थिति रही ।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवन, विचारधारा और समाज के प्रति योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को समानता और अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया ।इस आयोजन को सफल बनाने में भाजपा के मंडल मीडिया प्रभारी विनित शर्मा की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में अनिल बोहरा सभासद पति, कंवरपाल, विक्रांत डंगोरिया, आकाश जैन, रामकुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दूसरी ओर कस्बे की दलित बस्ती स्थित हरिजन चौपाल में भी डॉ. अंबेडकर जयंती मनाई गई, जहां समाजसेवी किरणपाल ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लोगों ने बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# सभासद महफूज उर्रहमान खां के निधन पर नवेद मियां ने शोक जताया

**गुलजार आलम**



**रामपुर(वेलकम इंडिया )।** नगरपालिका परिषद रामपुर के सभासद महफूज उर्रहमान खां के निधन पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने शोक जताया है। नूर महल से जुड़े रहे वरिष्ठ सभासद के इंतकाल की खबर सुनकर पूर्व मंत्री नवेद मियां, अपनी मां पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, पत्नी बेगम यासीन अली खां उर्फ शाहबानो, बेटे नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां और राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां के साथ मोहल्ला कुंडा स्थित उनके निवास पर पहुंचे और गम का इजहार किया। नवेद मियां ने कहा कि महफूज उर्रहमान खां बहुत अच्छे इंसान थे। 1967 से लेकर अब तक रामपुर में सर्वाधिक बार निर्वाचित सभासद थे। उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकेगी।

# किसानों की डिजिटल पहचान से मिलेगा सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ

## फार्मर रजिस्ट्री के लक्ष्य को हासिल करने को सक्रिय है जिला प्रशासन

**संदीप तिवारी**



**वाराणसी मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** सरकार द्वारा किसानों के हित के लिए चलायी जा रही समस्त योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने के लिए अब किसानों को फामर रजिस्ट्री/फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य है ।फार्मर आईडी नहीं बनने से भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेना कठिन होगा।

जिला प्रशासन का प्रयास है कि जनपद के सभी किसानों की फार्मर आईडी बन जाए जिससे भविष्य में उन्हें कोई असुविधा न हो।इसके लिए कृषि विभाग,राजस्व विभाग व पंचायत विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों को युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिये गये हैं।

फार्मर रजिस्ट्री/फार्मर आईडी बनाने में किसी भी स्तर पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।सोमवार को उक्त आशय की जानकारी देते हुए जनपद के जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने किसानों से जागरूक होकर फार्मर आईडी बनवाने की अपील करते हुए कहा कि वे अपने गांव में आयोजित होने वाले कैम्प में जाकर अपनी फार्मर आईडी बनवा लें।

उन्होंने कहा कि भविष्य में शासन की समस्त योजनाओं को फार्मर आईडी से लिंक किया जायेगा। जिलाधिकारी ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों ग्राम प्रधानों,क्षेत्र पंचायत सदस्यों,कोटेदारों से भी फार्मर आईडी बनवाने में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया है जिससे कोई भी किसान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

### किसानों के त्वरित समाधान को प्रतिबद्ध है प्रशासन -

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है किसी भी प्रकार की समस्या होने पर किसान कृषि विभाग के कर्मचारियों के साथ ही ,राजस्व विभाग के लेखपाल ,नायब तहसीलदार, उप-जिलाधिकारी से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

### किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री जरूरी क्यों-

किसानों को खाद बीज और उपकरण पर सब्सिडी आसानी से मिलेगी।सरकार से मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा,आसानी से मिल सकेगा कृषि लोन,सही दाम पर फसल बेंचने में मदद मिलेगी।

### किसान कैसे करायें फार्मर रजिस्ट्री -

जनपद के उप कृषि निदेशक अमित कुमार जायसवाल ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए किसान के पास आधार कार्ड,जमीन की खतौनी के साथ ही आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नं.होना जरूरी है। फार्मर आईडी बनवाने का सबसे आसान तरीका है कि किसान अपने गांव में लगाये जा रहे कैंप में जाएं जहां पर यह प्रक्रिया बिल्कुल मुफ्त होगी। इसके साथ ही किसान अपने नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री करवा सकते हैं।

# छात्राओं ने मचाया धमाल, महाविद्यालय में हुआ विदाई समारोह

**संदीप तिवारी**





**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** गौर गांव स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में मंगलवार को 'फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर धमाल मचा दिया। इस रंगारंग आयोजन में बीए, बीएससी व बी-काम की छात्राओं ने अंतिम वर्ष की पढ़ाई पूरी कर चुकी अपने सीनियर्स को विदाई दी। इस दौरान छात्राओं ने गीत, नृत्य, नाटक व फैशन शो का जलवा बिखेर सभी का मनमोह लिया।पूजा चौहान, सपना पटेल व अंजली गुप्ता मिस फेयरवेल बनाई गई। इस दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव सिंह गौतम द्वारा मिस फेयरवेल समेत अन्य प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डॉ. आशुतोष उपाध्याय द्वारा किया गया।इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह, अपर्णा विश्वकर्मा, सचिव योगेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', डॉ.अंजना सिंह, डॉ. विजय सिंह, श्वेता देवी, स्नेहा मिश्रा, अमृता सिंह, रामजी यादव, राजेश सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा समेत समस्त प्रवक्तागण मौजूद रहे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमेशा शोषितों, वंचितों और महिलाओं के लिए कार्य किया: रामशकल पटेल



**संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** सेवापुरी विधानसभा के मेंहदीगंज गांव (मिजार्मुराद) में भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मंगलवार को बड़े ही धूमधाम से भाजपा के वरिष्ठ नेता रामशकल पटेल के नेतृत्व में मनाया गया। अंबेडकर जी के मूर्ति पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित किया गया मूर्ति के आसपास झालर एवं रंग विरंगे लाइट लगाकर सजाया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता रामशकल पटेल ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमेशा शोषितों, वंचितों और महिलाओं के लिए कार्य किया है एवं उनका पूरा जीवन संघर्ष, सत्यनिष्ठा, लगन वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है उनके इसी योगदान को याद किया जा रहा है।इस दौरान पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता ज्ञानेश जोशी, सेक्टर संयोजक सीताराम पाल, अरविंद गौड़, अर्जुन कुमार, आशीष कुमार, राम गुप्ता, सोहनलाल विश्वकर्मा, प्रकाश शर्मा, अजय कुमार, समीर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सामाजिक समानता के अग्रदूत थे बाबा साहब : लक्ष्य गौतम

## जाटव मोहल्ले में धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**बुलंदशहर।** आधुनिक भारत के निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती भूड़ स्थित जाटव बस्ती नजीमपुरा में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई। इस दौरान भंडारे भी किया गया।

इस अवसर पर लक्ष्य गौतम, आशीष कुमार, हर्षवर्धन, आनंद कुमार, रोहित गौतम, आदित्य गौतम, त्रिलोक चन्द, राकेश कुमार, अभिषेक जीनवाल आदि ने बाबा साहब के देश और समाज को दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपने विचार रखते हुए कहा कि बाबा साहब जाति और वर्ण व्यवस्था रूपी समाज का विनाश कर जाति विहीन समाज की स्थापना कर लोकतंत्र के सहारे वंचित समाज को उनका वाजिब हक दिलाना चाहते थे। सदियों की सामाजिक और आर्थिक दास्तां को समाप्त करने का मजबूत प्रावधान भारतीय संविधान में उन्होंने किया। लेकिन आज प्रतिक्रियावादी ताकतें संविधान की आत्मा पर हमला कर रही हैं मजदूर- किसान, गरीब, दलित शोषित आम जनता को संविधान में मिले हक अधिकारों को आज छीना जा रहा है, श्रम कानूनों को उद्योगपतियों के पक्ष में बदला गया है, स्वास्थ्य, शिक्षा के अधिकार को भी आम आदमी से छीना जा रहा है, असहमति और विरोध करने के अधिकारों को कुचल कर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है हमें अपने हक अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों को बचाने के लिए एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है यही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए त्रिलोक चन्द ने कहा कि बाबासाहेब आधुनिक समय के अधिकारों के अग्रदूत थे। उन्होंने वर्ण विरोधी समाज की कामना की और सारी जिंदगी अछूतोद्धार के लिए लगे रहे, उन्होंने अपना अंबेडकरपन कभी नहीं खोया। लक्ष्य गौतम प्रदेश सचिव समता मूलक संघ ने कहाँ बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर करोड़ों दलितों के उद्धारक, वर्ण भेद के कट्टर विरोधक, सामाजिक समरसता के प्रबल समर्थक और आधुनिक समय के सर्वश्रेष्ठ क्रांतिकारी समाज सुधारक बने रहे।

राकेश कुमार ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर जन्मजात विद्रोही थे. जन्मजात बगावती थे, उन्होंने गांधी से बगावत की, कांग्रेस से बगावत की, हिंदू समाज से बगावत की और हिंदू धर्म से बगावत की, परंतु उन्होंने कभी भी देश से बगावत नहीं की। वह सामाजिक समता के अग्रदूत थे। इस महामानव को शत शत नमन वंदन अभिनंदन और इस अवसर पर सभी जनपद वासियों को बाबा साहब के जन्मोत्सव की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं व्यक्त किया। अंकित जाटव, अश्वनी ठाकुर, समीर, सुरेश, भूदेव, मनीष, आदि मौजूद रहे।

# डिबाई में मनाई गई बाबा साहेब की 135 वी जयंती



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**डिबाई।** भारतीय संविधान के निमार्ता महानायक बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेडकर की 135 वी जयंती बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान डिबाई क्षेत्र में अनेकों जगह डिबाई विधायक सीपी सिंह लोधी ने भाजपा कार्यकताओं सहित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण उनके बनाए गये संबिधान पर चलने का आ'ान किया।इसी क्रम में डिबाई विधायक सीपी सिंह लोधी द्वारा डिबाई क्षेत्र के गांव डिरौरा में बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया।

इस दौरान हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी डिबाई के कुबेर इण्टर कॉलेज से बाबा साहेब की शोभायात्रा भी निकाली गई जहां उनके अनुयाईयों ने बैण्ड बाजों की धूनपर खुब रंग उडाकर खुब धमाल मचाया।इस दौरान भोला भैया एडवोकेट,हुकुम सिंह लोधी,विनेश लोधी,अनार सिंह (डिबाई ब्लाक प्रमुख पति) मलखान सिंह लोधी( भाजपा जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष)मिठ्ठन लाल एडवोकेट,विजय गौतम,वीरेन्द्र कुमार लोधी,रूपेन्द्र कुमार लोधी, कयामुद्दीन गाजी पूर्व डिबाई नगर पालिका अध्यक्ष,हरि मोहन बार्ष्णेय (हरि भैया)आदि नगर के सैकडों सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

# लिया खीरी में गरिमामय तरीके से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती, जरूरतमंदों को किया गया सम्मानित

**मोहम्मद असलम**



**पलिया खीरी(वेलकम इंडिया )।** पलिया खीरी क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य और भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधानसभा पलिया के प्रदेश सचिव रेहान खान (समाजवादी पार्टी) ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत रेहान खान ने गांव-गांव पहुंचकर आम जनता से संवाद किया और विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों का सम्मान किया तथा जरूरतमंदों को वस्त्र भेंट कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। इस मौके पर रेहान खान ने कहा, 'बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज को समानता, न्याय और अधिकारों का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हमें उनके विचारों को केवल याद ही नहीं करना चाहिए, बल्कि अपने जीवन में अपनाना भी चाहिए। समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सम्मान पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा से गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# बड़े हर्ष उल्लास के साथ डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**अहमदगढ़/बुलंदशहर।** मंगलवार को अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव हजरतपुर और मामऊं गांव में बड़े हर्ष उल्लास के साथ बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव मनाया गया। मामऊं और हजरतपुर में भाजपा शिकारपुर ब्लॉक प्रमुख पंकज कुमार गौतम ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माला अर्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इसके साथ-साथ बसपा के जिला पंचायत सदस्य पद के भावी प्रत्याशी गौरव शर्मा दर्जनों लोगों के काफिले के साथ मामऊं पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण वहीं भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के एनसीआर अध्यक्ष नरेश प्रधान अपने साथियों के साथ मामऊं पहुंचे माल्यार्पण कर भंडारे प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पर नरेश प्रधान ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों को बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने का किया आ'ान। ब्लॉक प्रमुख पंकज कुमार गौतम ने कहा है कि बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित बनो संघर्ष करो संगठित रहो यदि प्रत्येक व्यक्ति को बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलेगा तो आगे बढ़ने का रास्ता खुलेगा हजरतपुर में शोभायात्रा के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया। अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सभी गांव में प्रतिमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे और अंबेडकर जयंती सभी जगह सकुशल संपन्न हुई।

# संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन

**संदीप तिवारी**



**वाराणसी मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** 'निकले गुलशन से तो गुलशन को बहुत याद किया, धूप को, छांव को, आंगन को बहुत याद किया' –इन्हीं भावनाओं के साथ संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज, केराकतपुर में आयोजित विदाई समारोह भावुक माहौल में सम्पन्न हुआ। सीनियर छात्राओं के चेहरे पर जहां विदाई की उदासी झलक रही थी, वहीं भविष्य के सपनों की चमक भी साफ दिखाई दे रही थी।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीआईजी वाराणसी रेंज वैभव कृष्ण तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. के. के. सिंह (चीफ प्रॉक्टर, काशी विद्यापीठ) द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति एवं उत्साह से भर दिया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्राओं को अनुशासन एवं समर्पण के साथ शिक्षा ग्रहण कर समाज और देश के हित में कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में छात्राओं ने नृत्य, रैंप वॉक, भाषण तथा कॉमेडी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।जूनियर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं के साथ बिताए गए पलों को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान भावुक क्षण भी देखने को मिले और कई छात्राओं की आंखें नम हो गईं। समारोह में कला एवं विज्ञान वर्ग की अंतिम वर्ष की छात्राओं को विदाई दी गई तथा दोनों वर्गों से 'मिस फेयरवेल' का चयन भी किया गया। सीनियर छात्राओं ने अपने गुरुजनों के आदर्शों पर चलने और उन्हें आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। चेयरमैन शशिकांत सिंह ने कहा कि बेटियां परिवार और संस्थान का गौरव होती हैं तथा सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है।कार्यक्रम में प्रबंधक अभिषेक सिंह, डायरेक्टर डॉ. आई.पी. पांडेय, प्राचार्य डॉ. विष्णु प्रकाश, डॉ. सुनीता दीक्षित, डॉ. अतुल सिंह, राजेंद्र कुमार, डॉ. निलेश सिंह, डॉ. अमित श्रीवास्तव, डॉ. संजू द्विवेदी, डॉ. प्रशांत सिंह, जे.पी. मौर्य सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का संचालन निकिता शुक्ला एवं पायल सोनकर ने संयुक्त रूप से किया।

# किरायेदार ने साथियों संग मिलकर व्यापारी पर किया जानलेवा हमला, बाइक छोड़ हुए फरार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**जहांगीराबाद।** मोहल्ला अहानग्रान में उस समय सनसनी फैल गई, जब दबंगों ने एक व्यापारी की दुकान में घुसकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। शोर मचने पर हमलावर अपनी मोटरसाइकिल मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला अहानग्रान निवासी अमित शर्मा ने करीब तीन माह पहले अपना एक मकान मोहल्ला कायस्थवाडा निवासी दीपांशु पुत्र दिनेश शर्मा को किराये पर दिया था। आरोप है कि दीपांशु मकान में आए दिन महिलाओं को लेकर आता था, जिससे मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा था। अमित शर्मा द्वारा मकान खाली करने का दबाव बनाने पर दीपांशु उनसे रंजिश रखने लगा। पीड़ित अमित शर्मा ने बताया कि रविवार शाम करीब 7 बजे, जब वह अपनी दुकान पर था, तभी दीपांशु अपने पांच अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुँचा। आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से उन पर अचानक हमला बोल दिया। हमले के दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

# गरीबों के हमदर्द बने सपा प्रदेश सचिव रेहान खान, सैकड़ों गांवों का दौरा कर दो बेटियों की शादी में दी आर्थिक सहायता

**मोहम्मद असलम**





**लखीमपुर खीरी(वेलकम इंडिया )।** लखीमपुर खीरी क्षेत्र में आज दिनांक 14 अप्रैल 2026 को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान ने व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाते हुए सैकड़ों गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। दौरे के क्रम में रेहान खान सुमेर नगर पहुंचे, जहां उन्होंने समाजसेवा का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए दो गरीब बेटियों की शादी के लिए 51-51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। उनकी इस पहल से क्षेत्र में खुशी और सम्मान का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर सद्दाम हुसैन शेख (जिला प्रतिनिधि), रीता सिंह, मालवर प्रसाद (पूर्व प्रधान) सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने इस कार्य की सराहना की और रेहान खान का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रेहान खान ने कहा, 'समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना ही हमारी प्राथमिकता है। बेटियों की शादी हर परिवार के लिए एक बड़ा और जिम्मेदारी भरा काम होता है। ऐसे में यदि हम थोड़ी-सी मदद कर किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सकें, तो इससे बड़ा कोई काम नहीं हो सकता। समाजवादी पार्टी हमेशा गरीबों, किसानों और कमजोर वर्ग के साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि वे क्षेत्र में लगातार दौरा कर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और हर संभव मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका उद्देश्य सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि समाज सेवा है।

# एसआरएम इंस्टीट्यूट में 29 वें स्थापना दिवस समारोह का सफल आयोजन किया

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा अपने दिल्ली-एनसीआर परिसर, गाजियाबाद में 29 वें स्थापना दिवस समारोह एवं उद्घाटन समारोह का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और निरंतर प्रगति के एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में मनाया गया।

उद्घाटन समारोह की शुरूआत मंगलाचरण, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। स्वागत भाषण डॉ. धौम्या भट्ट, डीन-आईक्यूएसी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन द्वारा 'हर कदम उत्कृष्टता की ओर' तथा डॉ. एस. विश्वनाथन, निदेशक द्वारा 'पूर्णता की खोज' विषय पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिए गए। मुख्य अतिथि राहुल झा, वाइस प्रेसिडेंट (डिजिटल बिजनेस), एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने अपने उद्घाटन संबोधन में डिजिटल युग में नवाचार और उत्कृष्टता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कैंपस एंबेसडर्स 2026 का सम्मान किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्लेसमेंट प्राप्त करने वाले छात्रों को सराहा गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026 का वितरण रहा, जिसमें संकाय सदस्यों के योगदान को संस्थान की सफलता की आधारशिला के रूप में सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त ट्रिनेत्रा 1.0 के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं डॉ. नीरू चौधरी द्वारा BizFest 2026 का सॉफ्ट लॉन्च किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. रुपाली सिंह एच ओ डी ईसीई द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

स्थापना दिवस समारोह का आरंभ भी मंगलाचरण से हुआ, जिसके पश्चात डॉ. ए. गीता भवानी, डीन-रिसर्च ने स्वागत भाषण दिया। इस सत्र में डीन डॉ, धौम्या भट्ट द्वारा 'सफलता के पीछे की शक्ति', डीन अकादमी डॉ. आर. पी. महापात्रा द्वारा 'दक्षता के साथ उत्कृष्टता' तथा निर्देशन डॉ. एस. विश्वनाथन द्वारा 'संस्थागत विकास के अनसुने संरक्षक' विषयों पर विचार साझा किए गए।

मुख्य अतिथि अनिल सी. राणवीर, निदेशक एवं डिवीजनल हेड (आरएंडडी, ईटीयू एवं ओएल), केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने विशेष संबोधन में सतत विकास एवं संस्थागत उत्तरदायित्व पर जोर दिया ।इस अवसर पर कैंपस एंबेसडर्स 2026 का पुनः सम्मान किया गया तथा एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026 के अंतर्गत गैर-शिक्षण कर्मचारियों को संस्थान की रीढ़ के रूप में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में ट्रिनेत्रा 2.0 के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं तथा समापन डॉ. पल्लवी जैन, चेयरपर्सन-इवेंट मैनेजमेंट द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार एवं समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता रहा और इसे देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित करता रहा।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भारत रत्न, संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर भव्य जनसभा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक डॉ मंजू शिवाच एवं नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली ने ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, वरिष्ठ समाजवादी नेता सुरेंद्र त्यागी, राम भरोसे लाल मौर्य,सत्येंद्र तोमर,विनोद गौतम आकाश शर्मा अमित कराटे रमेश प्रजापति देवव्रत धाम चौधरी अमरपाल प्रधान ओम प्रकाश,भूपेंद्र पुरी, शांति प्रकाश,डालचंद बेगमबाद आदि लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर जी के विचारों पर प्रकाश डाला तथा उनके द्वारा दिए गए समानता, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय के संदेश को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनेक अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# डॉ भीमराव अंबेडकर का चित्र भेंट कर पुष्पांजलि अर्पित की



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री पूर्व जिला मंत्री अपराजिता सिंह ने कार्यकताओं के साथ विधानसभा क्षेत्र मोदीनगर के अलग अलग ग्रामों में जाकर अपने प्रियजनों के बीच रह उनका कुशलक्षेम जाना और उन्हें डॉक्टर भीमराव भीमराव अंबेडकर का चित्र भेंट कर उन्हें श्रद्धांजलि पुष्पांजलि अर्पित की।

बाबा साहेब के कार्यो और भारत निर्माण में हमारी भूमिका और अधिकारों को लेकर चाय पर चर्चा की ।

अपनी बस्तियों में लोगों की समस्याओं का संज्ञान लिया और भारतीय जानता पार्टी पूर्ण रूप से सबका साथ सबका विकास करने में समर्पित है उन्हें आश्वस्त किया।

# डॉ भीमराव अंबेडकर जी का जीवन संघर्ष ,ज्ञान और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है- डॉ एस सी अग्रवाल

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉक्टर केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का 135 वां जन्म महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया ।

मंच का संचालन विद्यालय के हिंदी प्रवक्ता श्री महानंद सिंह ने किया ।प्रधानाचार्य शिक्षकों कर्मचारी और सभी छात्रों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश अग्रवाल ने शिक्षकों और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी का जीवन संघर्ष, ज्ञान और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है। उनके विचार हमें एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं विद्यालय के शिक्षक महानंद सिंह व शिक्षिका डॉक्टर कामिनी वे तेजवीर सिंह ने भी उनके जीवन उनके संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर अवनीश कुमार जैन,प्रयास शर्म योगेंद्र कुमार ,कृष्ण कुमार शर्मा श्री राजीव कुमार श्रीमती रेखा रानी ,श्रीमती सीमा सिंह अनीता अग्रवाल , अनिल यादव,रविंद्र शर्मा श्री संजय बंसल प्रवीण जेनर ,श्रीमती शिवानी बागोरिया ,अजय कुमार राजेश कुमार सिंह, संजय कुमार इरशाद अहमद श्री अखिलेश मौर्या,द्वितीय पाली के इंचार्ज धर्मवीर सिंह प्रधान लिपिक सतीश कुमार नितिन नेहरा आदि सभी शिक्षकों कर्मचारियों उपस्थित थे।

# खालसा पंथ की स्थापना दिवस एवं बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मुरादनगर आयुध निमार्णी फैक्ट्री मार्ग धेदा गांव स्थित श्रीगुरू सिंह सभा गुरूद्वारा में मंगलवार को खालसा पंथ की स्थापना दिवस एवं बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।गुरूद्वारा समिति के सचिव दर्शन सिंह ने बताया कि बैसाखी पर्व पर खालसा पंथ की स्थापना का उत्सव उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। बताया कि आज ही के दिन श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। खालसा पंथ की स्थापना का मकसद लोगों को मुगल शासकों के अत्याचारों से मुक्त करना था। मेरठ से आए रागी जत्थे ने शब्द कीर्तन कर संगत को निहाल किया। ज्ञानी अमरजीत सिंह ने अरदास की। जिसमें सिख समाज के अलावा अन्य समाज के सैंकड़ों लोग मौजूद रहे और गुरू ग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेका। इस अवसर पर गुरूद्वारा परिसर में लंगर का आयोजन किया गया। सचिव दर्शन सिंह, गगनदीप सिंह, जरनैल सिंह, ओंकार सिंह, इंद्रजीत सिंह, लक्की धमीजा, डॉ.मुकेश शर्मा, राजिंदर कौर, सुखजीत सिंह, हरभजन सिंह, अमरजीत सिंह, देविंदर कौर, सुरिंद्र कौर, मंजू सिंह, हरमनजीत सिंह, मनराज सिंह, मिंटू, तनु आदि संगत मौजूद रही।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैसाखी के अवसर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों का समापन

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोविंदपुरी के तत्वावधान में खालसा साजना दिवस (बैसाखी)के उपलक्ष में तीन दिन से चल रहे श्री अखंडपाठ साहेब की संपूर्णता की अरदास करके निशान साहिब की सेवा की गई। गुरुद्वारा परिसर में गुरबाणी वह कथा विचार करके सभी संगतो को निहाल किया गया बैसाखी इतिहास के बारे में पूर्व प्रधान बलविंदर सिंह अरोड़ा ज्ञानी जोरावर सिंह ग्रंथि गुरुद्वारा साहिब द्वारा विस्तार से समझाया गया।

कार्यक्रम समाप्ति अवसर पर गुरु का लंगर अटूट बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ बांटा गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धा भावना के साथ लंगर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर परमात्मा प्रधान सरदार गुरमीत सिंह द्वारा सभी सगतो को बैसाखी की बधाई दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीत प्रधान,सरदार दलवीर सिंह बेदी,सेक्रेटरी सरदार सुरजीत सिंह ढिल्लों,कैशियर सरदार मनमोहन सिंह ग्रोवर,सरदार बलविंदर सिंह,सरदार तरनजीत सिंह,सरदार भूपेंद्र पाल सिंह, सरदार सतवंत सिंह,सरदार हरजीत सिंह,सरदार मंजीत सिंह,सरदार नवदीप बत्रा, अरविंद भूटानी,जसदीप भूटानी, भारत भूषण,नवदीप सिंह, विक्रम सिंह अंशु,मोहित,मनन, महिला सेवादारों में जितेंद्र कौर, मनजीत कौर,हरबीर कौर,रंजीत कौर,कवलजीत कौर,हरिंदरकौर ,सिमरन कौर,आदि सेवादार गुरुद्वारा परिसर में उपस्थित रहे।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव राव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** सामाजिकसमरसता के प्रतीक एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव राव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर अन्य कई स्मारकों पर माल्या अर्पण कर कार्यक्रमों में जनसमूह के उत्साह और बाबा साहेब के विचारों के प्रति समर्पण ने कार्यक्रमों को और भी गरिमामय बना दिया। सेवा, समर्पण और मानवता के उनके आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं कार्यक्रमों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी' जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह' मोदीनगर शहर अध्यक्ष मनोज त्यागी' मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष अरुण शर्मा' नीरज चौधरी' सतपाल सलेमाबाद' आदि इस अवसर पर मौजूद रहे चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी और रामपाल चौधरी ने कहा बाबा साहब का एक ही नारा था शिक्षित बनो' संगठित रहो' संघर्ष करो' बाबा साहब कहते थे कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाडेगा उन्होंने संविधान लिखकर सभी को एक समान अधिकार दिया ऐसे महान बाबा साहब के चरणों में बारंबार नमन।

# आई.आर.आई.ए के तत्वाधान में एडवांस फीटल अपडेट विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** प्रतिष्ठित डॉक्टर प्राची सिंगल अवस्थी को आगरा में (आई,आर,आई,ए) भारतीय रेडियोलॉजी संस्था द्वारा आयोजित एकदिवसीय सेमिनार में अपना अनुभव सांझा करने के लिए आमंत्रित किया गया।

रविवार को आगरा में भारतीय रेडियोलॉजी संस्था द्वारा एडवांस फिटल अपडेट विषय पर आयोजित इस एकदिवसीय गोष्टी मैं प्रदेश भर से आए रेडियो लॉजिस्ट्स शामिल हुए।

जिसमें मोदीनगर से डॉ प्राची सिंघल को तीन भिन्न भिन्न टॉपिक्स पर अपना अनुभव साझा करने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। डॉ प्राची अवस्थी सिंघल को प्रेगनेंसी में होने वाले अल्ट्रासाउंड के विस्तृत अनुभव और ज्ञान को प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर लगातार पहचान मिल रही है।

सेमिनार मैं अपने संबोधन के दौरान डॉ प्राची ने विभिन्न केसों में मिले अनुभवों को सांझा किया। डॉ प्राची कहतीं हैं कि उनके पास अच्छी अल्ट्रासाउंड मशीने तो हैं ही,पर जिस बारीकी से जटिल केस का स्कैन वो करती हैं ये केस दूसरे रेडियोलॉजिस्ट्स के लिए स्कैन की बारीकियां समझने में बहुत उपयोगी होते हैं।

डॉ प्राची के उद्बोधन को उपस्थित जनों द्वारा बहुत सराहा गया। डॉ प्राची ने बताया कि उनके कार्य को मिल रही देशव्यापी सराहना व प्रोत्साहन से वो बहुत उत्साहित एवं कृतज्ञ हैं।

# नाबालिग को भगाने के मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार, लोनी बॉर्डर पुलिस की कार्रवाई



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाने के गंभीर मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को पहले ही सकुशल बरामद कर लिया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 15.11.2025 को वादी द्वारा थाना लोनी बॉर्डर पर तहरीर दी गई थी कि अभियुक्त रमेश शर्मा उसकी बहन, जिसकी उम्र करीब 17 वर्ष 11 माह है, को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस संबंध में थाना लोनी बॉर्डर पर तत्काल धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। तत्पश्चात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को बरामद किया। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान के आधार पर मामले में धारा 87/64(1) बीएनएस तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। इसी क्रम में दिनांक 13.04.2026 को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रमेश शर्मा पुत्र रामसुन्दर शर्मा निवासी ग्राम दिघोपट्टी, थाना जाले, जिला दरभंगा (बिहार), उम्र करीब 23 वर्ष को थाना क्षेत्र लोनी बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया।

# युवाओं में गूंजे बाबा साहेब के विचार, लोनी में भव्य अंबेडकर जयंती समारोह आयोजित'

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मेरा युवा भारत (माय भारत), गाजियाबाद द्वारा आर्य नगर, लोनी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती माया चौहान सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर संयुक्त निदेशक श्री देवेंद्र कुमार ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय एवं लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा प्राप्त की और अपने ज्ञान व संघर्ष के बल पर समाज में समानता का संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'शिक्षा समानता की नींव है, जो हर इंसान को समाज में बराबरी से खड़े होने का अधिकार देती है।' कार्यक्रम में बताया गया कि बाबा साहेब भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार और स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री रहे। जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में उन्होंने कानून मंत्री के रूप में कार्य करते हुए एक समतामूलक एवं न्यायपूर्ण संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समारोह के दौरान युवाओं द्वारा बाबा साहेब के विचारों पर भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिससे समाज में समानता और शिक्षा का संदेश प्रसारित किया गया। समापन अवसर पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# श्री खाटू श्याम हरि कीर्तन मंड़ल ट्रस्ट ने बागपत में निकाली भव्य निशान यात्रा



**विवेक जैन**

**बागपत(वेलकम इंडिया)।** बागपत नगर में श्री श्याम संकीर्तन वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री खाटू श्याम हरि कीर्तन मंड़ल ट्रस्ट ने सोमवार को खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा निकाली। निशान यात्रा ठाकुर द्वारा मंदिर बागपत से प्रारम्भ होकर सरार्फा बाजार, पक्का घाट मंदिर चौक, कोर्ट रोड़, नगर पालिका बागपत, बड़ा बाजार, गांधी बाजार, शौकत मार्किट, चमरावल रोड़ होते हुए सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज के खेल मैदान में पहुँची। निशान यात्रा में ढोल नगाड़ो व बैंड़ बाजो के साथ सैंकड़ो श्रद्धालुगण श्याम बाबा के झंड़े लेकर चल रहे थे और श्याम बाबा की जय जयकार कर रहे थे। निशान यात्रा में श्याम बाबा का रथ, ड्रोन कैमरे से पुष्प वर्षा, आतिशबाजी और भव्य झांकियां मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। निशान यात्रा में जगह-जगह लोगो ने श्रद्धालुओं के लिये पानी, कोल्ड ड्रिक की व्यवस्था कर रखी थी। निशान यात्रा के श्री श्याम संकीर्तन के आयोजन स्थल पर पहुॅचने पर श्याम बाबा की भव्य पूजा अर्चना की गयी और आरती उतारी गयी। इसके उपरान्त सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। श्री खाटू श्याम हरि कीर्तन मंड़ल ट्रस्ट की और से प्रकाश चौधरी ने बताया कि मंगलवार को सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज बागपत में चौथे श्री श्याम संकीर्तन वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। संकीर्तन में देश के सुप्रसिद्ध भजन गायकों को आमंत्रित किया गया है। उन्होने कहा कि करने वाले श्याम है और कराने वाले भी श्याम है।

# अंबेडकर जयंती पर गाजियाबाद में उमड़ा जनसैलाब, भव्य झांकियों और भंडारों से गूंजा शहर










**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद गाजियाबाद में मंगलवार को उत्साह, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां जगह-जगह भंडारों का आयोजन हुआ और आकर्षक झांकियों के साथ भव्य रैलियां निकाली गईं।



सुबह से ही अंबेडकर पार्कों, प्रमुख चौराहों और सामाजिक स्थलों पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं युवाओं द्वारा निकाली गई रैलियों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। झांकियों में बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके विचारों को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान शहर में कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन कर लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे वातावरण में 'जय भीम' के नारों की गूंज सुनाई देती रही, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा।

वहीं, अंबेडकर जयंती के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया तथा प्रमुख रूटों पर पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी गई। अधिकारियों ने स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए। प्रशासन की सतर्कता और जनता के सहयोग से पूरे जनपद में अंबेडकर जयंती का पर्व शांतिपूर्ण एवं भव्य तरीके से संपन्न हुआ।

# अम्बेडकर जयंती पर गाजियाबाद में सम्मान और संकल्प: प्रशासन व पुलिस ने किया बाबा साहेब को नमन






**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन एवं पुलिस कार्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम

कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि महापुरुषों की जयंती उनके आदर्शों को समाज में प्रसारित करने का माध्यम है। उन्होंने सभी से सामाजिक समरसता बनाए रखने, कानून का पालन करने तथा जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान के कारण देश में शांति, सुव्यवस्था एवं विकास की निरंतरता बनी हुई है।

## विकास भवन

विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष एवं उनके सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को याद किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से पहुंचाया जाए, जिससे समावेशी समाज की स्थापना हो सके।

## पुलिस कार्यालय

इसी क्रम में पुलिस कार्यालय में पुलिस आयुक्त श्री जे. रविन्द्र गौड द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण किया गया।

उन्होंने समाज में न्याय, समानता एवं भाईचारे के उनके संदेश को अपनाने का आ'ान किया। इस दौरान पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रमों के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया तथा सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# जनसुनवाई में पुलिस उपायुक्त ने सुनीं आमजन की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पुलिस उपायुक्त नगर/मुख्यालय श्री धवल जायसवाल द्वारा अपने कार्यालय पर जनसुनवाई के दौरान शिकायत लेकर आए व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु इस प्रकार की जनसुनवाई लगातार आयोजित की जा रही है, जिससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत किया जा सके।

# अंबेडकर जयंती पर गूंजा 'जय भीम': गाज़ियाबाद में भाजपा का बूथ-बूथ तक श्रद्धा और संकल्प अभियान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**गाजियाबाद।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महानगर गाज़ियाबाद द्वारा मंगलवार को भव्य और व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का विशेष आगमन हुआ, जिनका कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। अपने संबोधन में श्री चौधरी ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि बाबा साहब केवल एक महान व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक सशक्त विचारधारा हैं, जिन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को अधिकार और सम्मान दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, संगठन और संघर्ष के बल पर बाबा साहब ने जिस समतामूलक समाज की नींव रखी, वह आज भी देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2014 के बाद केंद्र सरकार द्वारा बाबा साहब से जुड़े पंच तीर्थ– महू, लंदन, नागपुर, दिल्ली और मुंबई–का विकास कर उन्हें राष्ट्रीय प्रेरणा स्थलों के रूप में स्थापित किया गया है।

कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के प्रत्येक बूथ स्तर पर विशेष आयोजन और सम्मान समारोह आयोजित किए गए, जिनमें हजारों कार्यकताओं ने भाग लिया और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। नाविक मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 'जय भीम' और 'भारत माता की जय' के उद्घोषों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस आयोजन के संयोजक राजन आर्य वाल्मीकि (महानगर उपाध्यक्ष) रहे, जिनके नेतृत्व में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यकताओं ने एकजुट होकर समानता, न्याय, भाईचारे और संविधान के प्रति निष्ठा के बाबा साहब के संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

# मोहन नगर में यातायात व्यवस्था सुधार को चला जागरूकता अभियान, ऑटो/ई-रिक्शा चालकों को दी सख्त हिदायत



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मोहन नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस एवं यातायात विभाग द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें निर्धारित ऑटो स्टैंड पर ही वाहन खड़ा करने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान अधिकारियों ने चालकों को समझाया कि अव्यवस्थित तरीके से सड़क किनारे वाहन खड़ा करने से जाम की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्हें यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही, चालकों को यह भी स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि नियमों का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने सभी चालकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नियमों का पालन कर ही शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है।

# अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर वीरों को नमन, गाजियाबाद में जागरूकता रैली और मॉक ड्रिल का आगाज

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में मंगलवार को फायर स्टेशन वैशाली में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित स्मृति दिवस परेड में दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया तथा उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को पिन फ्लैग लगाया गया।

कार्यक्रम के साथ ही अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन वाहनों की रैली निकाली गई। रैली को श्री केशव कुमार चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय, कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।






यह रैली वैशाली से प्रारंभ होकर डाबर तिराहा, मोहननगर, मेरठ तिराहा, हापुड़ मोड़ कचहरी, हापुड़ चुंगी, पुराना बस अड्डा, संजयनगर और राजनगर एक्सटेंशन सहित विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगी।

इस अवसर पर फायर स्टेशन वैशाली परिसर में आधुनिक अग्निशमन एवं रेस्क्यू उपकरणों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें स्कूलों के छात्र-छात्राओं, होटल, अस्पताल एवं अन्य प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों ने भाग लेकर उपकरणों की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। अग्निशमन विभाग गाजियाबाद द्वारा सुरक्षा सप्ताह के दौरान 14 अप्रैल से एक सप्ताह तक बहुखंडीय भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, स्कूलों, होटलों एवं अस्पतालों में लगातार मॉक ड्रिल और इवैक्यूएशन ड्रिल आयोजित कर आग से बचाव एवं सुरक्षित निकासी के तरीकों की जानकारी दी जाएगी।

इस मौके पर श्री राहुल पाल (मुख्य अग्निशमन अधिकारी), श्री शेष नाथ यादव (अग्निशमन अधिकारी, कोतवाली), श्री मूलचंद सिंह (प्रभारी अधिकारी, फायर स्टेशन वैशाली), श्री गगन कुमार (प्रभारी अधिकारी, फायर स्टेशन साहिबाबाद) सहित पत्रकार बंधु एवं विभिन्न संस्थानों से आए गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में रियांश पब्लिक स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अरुण मिश्रा**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** बागू विजयनगर स्थित रियांश पब्लिक स्कूल में अंबेडकर जयंती के अवसर पर एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा नियमित जांच के महत्व को समझाना रहा।




शिविर के दौरान विशेष रूप से आंखों की जांच की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। विशेषज्ञों द्वारा आंखों की देखभाल, समय-समय पर जांच कराने की आवश्यकता तथा डिजिटल युग में आंखों की सुरक्षा के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही संतुलित आहार (रूटीन डाइट) के महत्व को भी सरल भाषा में समझाया गया, जिससे लोग अपने दैनिक जीवन में बेहतर स्वास्थ्य आदतों को अपना सकें।

इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक पवन पांचाल जी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विद्यालय भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

शिविर को सफल बनाने में Umeda Eye Clinic का महत्वपूर्ण योगदान रहा। क्लिनिक से आए विशेषज्ञ डॉ. अतुल सैनी ने अपनी टीम के साथ निःशुल्क जांच एवं परामर्श प्रदान किया, जिससे लोगों को काफी लाभ मिला। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों, चिकित्सकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।